इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद

उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।



संजीवनी आयुर्वेदिक

न्यू बस स्टैण्ड, न्यू अंसारी होटल के बाजू से हाऊसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, शॉप नं. U/82, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं.- 7566609039 हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 44 अंक - 289 राजनांदगांव, रविवार 07 सितम्बर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## पाठकों को बधाई...



अनंत चतुर्दशी पर समस्त सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

**- सम्पादक**

## आज अवकाश

अनंत चतुर्दशी पर्व व गणेश विसर्जन के उपलक्ष्य में दैनिक दावा कार्यालय में 07 सितम्बर 2025 को अवकाश रहेगा। पाठकों को अगला अंक 09 सितम्बर 2025 को प्राप्त होगा।

**- व्यवस्थापक**

# ट्रम्प बोले- भारत के साथ रिश्ते रीसेट करने को तैयार: कहा- हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा; पीएम ने कहा- उनके विचारों की सराहना करता हूं

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शुक्रवार को भारत के खिलाफ दिए गए अपने बयान पर करीब 12 घंटों के अंदर ही बैकफुट पर चले गए। उन्होंने शाम 6-7 बजे के बीच व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक सवाल पर कहा- मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा। भारत के साथ संबंधों को रीसेट करने के लिए हमेशा तैयार हूं। इससे पहले शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे उन्होंने सोशल मीडिया ट्रुथ पर लिखा था, ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उम्मीद है उनका भविष्य अच्छा होगा।

वहीं, शनिवार सुबह 9.45 बजे पीएम मोदी ने ट्रम्प के बयान को शेयर करते हुए ङ्क पर लिखा- राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं और हमारे संबंधों को लेकर उनके विचारों की तहे दिल से सराहना करता हूं और उनका पूर्ण समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा- भारत-अमेरिका के बीच एक पॉजिटिव और दूरदर्शी रणनीतिक साझेदारी है। प्रेस ब्रीफिंग में ट्रम्प ने भारत और दूसरे देशों के साथ चल रही व्यापार बातचीत को अच्छा बताया, लेकिन यूरोपीय संघ के गूगल पर 3.5 अरब डॉलर का जुर्माना लगाने पर नाराजगी जताई। इसके



अलावा उन्होंने साफ किया कि वे भारत के रूसी तेल खरीदने के कारण निराश हैं। उन्होंने कहा- हमने भारत पर इसके लिए 50 प्रतिशत का भारी टैरिफ लगाया है।

### जयशंकर बोले- मोदी अमेरिका के साथ साझेदारी को खास महत्व देते हैं

पीएम मोदी की ट्रम्प को लेकर दिए प्रतिक्रिया पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, पीएम मोदी अमेरिका के साथ हमारी साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। जहां तक राष्ट्रपति ट्रम्प का सवाल है, उनके (पीएम मोदी) ट्रम्प के साथ हमेशा से बहुत अच्छे व्यक्तिगत रिश्ते रहे हैं। उन्होंने आगे कहा- फिलहाल मुद्दा यह है कि हम अमेरिका के साथ जुड़े हुए हैं। जयशंकर ने इससे ज्यादा कुछ भी कहने से इनकार किया।

### पूर्व अमेरिकी एनएसए बोले थे- ट्रम्प-मोदी की दोस्ती खत्म

ट्रम्प की टिप्पणी से पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने 4 सितंबर को कहा था कि ट्रम्प और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच पहले की खास दोस्ती अब खत्म हो चुकी है। ब्रिटिश मीडिया LBC को दिए इंटरव्यू में बोल्टन ने ट्रम्प की नीति की आलोचना करते हुए कहा था, व्हाइट हाउस ने अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया, जिससे मोदी रूस और चीन के करीब आ गए। चीन ने खुद को अमेरिका और ट्रम्प के विकल्प के रूप में पेश किया है। बोल्टन ने इसे एक बड़ी गलती है बताया था। उन्होंने कहा- इसे अब ठीक नहीं किया जा सकता, क्योंकि स्थिति बहुत (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पीएम मोदी ने की मुलाकात, जापान और चीन आर्थिक और वित्तीय सहयोग पर हुई चर्चा



नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन की तरफ से इस मुलाकात की जानकारी दी गई। राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पीएम और राष्ट्रपति से मुलाकात की एक तस्वीर भी शेयर की। तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इससे पहले पीएम मोदी जापान और चीन के दौरे से लौटे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 31 अगस्त से 1 सितंबर, 2025 तक चीन के तियानजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की 25वीं बैठक में भाग लिया था।

शिखर सम्मेलन में एससीओ विकास रणनीति, वैश्विक शासन में सुधार, आतंकवाद-निरोध, शांति और सुरक्षा, आर्थिक और वित्तीय सहयोग और सतत विकास पर उपयोगी चर्चा हुई थी। बैठक में भारत ने एससीओ के संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र को शामिल करा कूटनीतिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति से की बात, द्विपक्षीय सहयोग से यूक्रेन जंग तक कई मुद्दों पर मंथन



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बातचीत की है। दोनों नेताओं ने वार्ता में भरोसेमंद और बहुआयामी साझेदारी को और गहरा करने पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने रक्षा, तकनीक, ऊर्जा, शिक्षा, अंतरिक्ष और क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट कर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान उनके बीच विशेष तौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा की। दोनों ने युद्ध खत्म कर शांति स्थापित करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धिता जाहिर की।

पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा और सकारात्मक मूल्यांकन किया। यूक्रेन में संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के प्रयासों सहित अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी।

### पिछले महीने भी हुई थी बात

बता दें कि पीएम मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच बीते महीने की 21 तारीख को भी फोन पर बात हुई थी। तब दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन और पश्चिम एशिया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ब्रिटेन से तिहाड़ लाए जाएंगे विजय माल्या-नीरव मोदी? ब्रिटिश अफसरों ने जेल का किया निरीक्षण

नई दिल्ली। विजय माल्या और नीरव मोदी जैसे भगोड़े व्यवसायी को लेक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में नई दिल्ली स्थित तिहाड़ जेल का निरीक्षण किया है। उम्मीद लगाई जा रही है कि ब्रिटिश सरकार इन दोनों व्यवसायी को जल्द ही प्रत्यर्पण करने की मंजूरी दे सकती है।



मामले से परिचित लोगों के अनुसार, CPS टीम ने तिहाड़ के उच्च-सुरक्षा वार्ड का दौरा किया और कैदियों से बातचीत की। भारतीय अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि भारत लाए गए अंतरराष्ट्रीय भगोड़ों को सुरक्षित परिस्थितियों में रखा जाएगा और जरूरत पड़ने पर, जेल के अंदर हाई-प्रोफाइल कैदियों के लिए एक विशेष एन्क्लेव बनाया जा सकता है।

### क्यों किया जा रहा निरीक्षण

यह निरीक्षण ब्रिटिश अदालतों द्वारा पूर्व में उठाई गई बार-बार आपत्तियों की पृष्ठभूमि में किया जा रहा है, जिन्होंने जेल की स्थितियों का हवाला देते हुए भारत के प्रत्यर्पण अनुरोधों को खारिज कर दिया था। इन बाधाओं को दूर करने के लिए, भारत ने गारंटी दी है कि हिरासत में किसी भी आरोपी से अवैध पूछताछ नहीं की जाएगी। वर्तमान में, भारत के 178 प्रत्यर्पण अनुरोध विदेशों में लंबित हैं, जिनमें से लगभग 20 यूनाइटेड किंगडम के पास हैं। इनमें हथियार डीलरों और खालिस्तानी समूहों से जुड़े व्यक्तियों के मामले शामिल हैं। सबसे चर्चित मामलों में भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या, जिन पर 9,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के बैंक लोन न चुकाने का आरोप है और हीरा व्यापारी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ईडी ने मोक्षित कॉर्पोरेशन की पोर्शे और मर्सिडीज जब्त की, सीजीएमएससी रिएजेंट घोटाले में की कार्रवाई

## हेल्थ-सर्विसेज अधिकारियों पर भी जल्द एजेंसी कसेगी शिकंजा

रायपुर (दावा)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) रायपुर जोनल ऑफिस ने सीजीएमएससी घोटाले में कार्रवाई करते हुए दो लग्जरी गाड़ियां पोर्शे केयेन कूप और मर्सिडीज-बेंज जब्त की हैं। दोनों गाड़ियां मोक्षित कॉर्पोरेशन के नाम पर रजिस्टर्ड हैं, जो शशांक चोपड़ा और उनके पिता शांतिलाल चोपड़ा की पार्टनरशिप फर्म है।



शनिवार को ईडी ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि 28 अगस्त को दुर्ग में रिएजेंट प्रिक्योरमेंट स्कैम से जुड़े शशांक चोपड़ा और अन्य आरोपियों के ठिकानों पर छापा मारा गया था। जिसके बाद उनकी गाड़ियों को सीज किया गया। वहीं अब माना जा रहा है कि जल्द ही हेल्थ सर्विसेज के अधिकारियों पर एजेंसी शिकंजा कसेगी। ईडी ने यह जांच एसीबी/ईओडब्ल्यू रायपुर की ओर से दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। एफआईआर में मोक्षित कॉर्पोरेशन के अलावा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससीएल) और डायरेक्टरेट ऑफ हेल्थ सर्विसेज (डीएचएस) के अधिकारियों पर आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार का मामला दर्ज है। एसीबी/ईओडब्ल्यू इस मामले में चार्जशीट भी पेश कर चुकी है। एफआईआर और चार्जशीट के अनुसार, शशांक चोपड़ा, डीएचएस और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 350 करोड़ का डीएमएफ घोटाला: 4 करोड़ कैश, 10 किलो चांदी जब्त: ईडी ने 28 ठिकानों पर की थी छापेमारी



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित डीएमएफ घोटाला केस में ईडी ने 4 करोड़ रुपए नकद और 10 किलो चांदी की ईंटें बरामद की हैं। इसके साथ ही कई संदिग्ध दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस भी जब्त किए गए हैं। ईडी को इन दस्तावेजों में भ्रष्टाचार और अवैध लेन-देन से जुड़े कई अहम सबूत मिले हैं।

**घोटाले से जुड़े दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस मिले**

रायपुर जोनल ऑफिस की ईडी टीम ने 3 और 4 सितंबर को राज्यभर में 28 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की थी। श्वष्ठ की अलग-अलग टीमें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत रायपुर, दुर्ग, भिलाई और गरियाबंद में दबिश दी थी।

ईडी के मुताबिक 2 दिनों तक चली जांच में ठेकेदारों, वेंडर्स और लाइजनरों के दफ्तरों और आवासों को खंगाला गया। ये सभी आरोपी छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड (बीज निगम) से जुड़े हुए हैं। ईडी के मुताबिक ष्ठरूस्न घोटाले की परतें इन्हीं नेटवर्क के जरिए खुल रही हैं।

### ईडी ने एफआईआर के आधार पर शुरू की जांच

ईडी के मुताबिक यह पूरी कार्रवाई एफआईआर के आधार पर शुरू की है, जिसे छत्तीसगढ़ पुलिस ने दर्ज की थी। इन स्नढ्ढक्र में ठेकेदारों, वेंडर्स और सरकारी अधिकारियों पर आरोप लगाए गए थे। खनन प्रभावित इलाकों के लिए बनी डीएमएफ राशि का दुरुपयोग किया गया। साथ ही इसे घोटाले में बदल दिया गया।

### करोड़ों की राशि खर्च दिखाकर हेरफेर किया गया

जांच में सामने आया कि बीज निगम के जरिए ष्ठरूस्न की करोड़ों की राशि खर्च दिखाकर हेरफेर किया गया। वेंडर्स और ठेकेदारों को कृषि उपकरण, पल्वराइज़र, मिनी दाल मिल और बीज सप्लाई करने के नाम पर ठेके दिए गए। इन ठेकों पर 40 से 60 प्रतिशत तक कमीशन वसूला गया, जिसे लाइजनरों के जरिए अफसरों और नेताओं तक पहुंचाया जाता था। ईडी के मुताबिक सिर्फ इसी प्रक्रिया में करीब (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# गुजरात के पावागढ़ मंदिर में दर्दनाक हादसा, गुड्स रोपवे का तार टूटा; छह लोगों की मौत

अहमदाबाद। गुजरात के पंचमहल जिले में शनिवार को पावागढ़ शक्ति पीठ में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां मालवाहक रोपवे की तार अचानक टूटने से छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो लिफ्टमैन, दो मजदूर और दो अन्य शामिल बताए जा रहे हैं। यह हादसा दोपहर करीब 3ः30 बजे हुआ। घटना की पुष्टि पंचमहल कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक हरेश दुधात ने की है। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। प्रशासन की टीमें मौके पर डटी हुई हैं। शुरुआती जांच में हादसे की वजह तार टूटना बताई जा रही है। फिलहाल तकनीकी कारणों की गहराई से जांच की जा रही है।

### सुबह से बंद था यात्रियों का रोपवे

पावागढ़ पहाड़ी करीब 800 मीटर ऊंचाई पर स्थित है। श्रद्धालु या तो 2000 सीढ़ियां चढ़कर या फिर रोपवे से मंदिर पहुंचते हैं। हालांकि शनिवार सुबह से खराब मौसम की वजह से यात्रियों के लिए रोपवे सेवा बंद कर दी गई थी। हादसा मालवाहक रोपवे में हुआ, जिसका इस्तेमाल सामान ले जाने के लिए किया जाता है।

इस मामले में मंत्री रुशिकेश पटेल ने बताया कि हादसा टावर नंबर-एक के पास हुआ, जब सामान ढोने वाले बोगी की तार अचानक टूट गई और बोगी नीचे गिर गई। सभी शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं। जिला कलेक्टर ने जांच समिति बनाई है और सरकार को प्राथमिक रिपोर्ट सौंपी जाएगी। पावागढ़ शक्ति पीठ मां (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# तेलंगाना में 12 हजार करोड़ की ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़, 13 आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद। मीरा-भयंदर पुलिस ने ड्रग्स तस्करी के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए तेलंगाना में एक विशाल ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने फैक्ट्री से करीब 32 हजार लीटर रॉ एमडी ड्रग्स बरामद किए हैं, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 12 हजार करोड़ रुपए बताई जा रही है।



### 13 आरोपी गिरफ्तार

इस कार्रवाई में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच की शुरुआत महज 200 ग्राम ड्रग्स की बरामदगी से हुई थी, जिसकी कीमत लगभग 25 लाख रुपये आंकी गई थी। लेकिन मामले की गहराई में जाते-जाते पुलिस को ड्रग्स निर्माण की इस बड़ी फैक्ट्री तक पहुंच मिली। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए नेटवर्क का देश और विदेशों में फैला हुआ बड़ा कनेक्शन सामने आ रहा है। बरामद की गई ड्रग्स और फैक्ट्री से मिले केमिकल्स को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई ड्रग्स माफिया के खिलाफ मीरा-भयंदर पुलिस की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

मुंबई पुलिस को जुलाई 2025 में ड्रग्स के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता मिली थी। मुंबई पुलिस ने करीब 400 करोड़ रुपए की एक बड़ी ड्रग्स की खेप पकड़ी थी। इस दौरान मुंबई पुलिस ने ड्रग्स के मामले में ही कर्नाटक के मैसूर में भी छापेमारी की थी। मैसूर को लेकर कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा था, मैंने मैसूर कमिश्नरेट को बहुत सख्त निर्देश दिए हैं। साथ ही, पूरे राज्य में, अब हर एसपी को संवेदनशील बना दिया गया है, और हर कमिश्नरेट को यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत सख्त निर्देश दिए गए हैं कि ऐसी चीजें न हों। बता दें कि देश में ड्रग्स का सिंडीकेट काफी बड़ा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सीएम ने एम्स में देव हस्त रोबोटिक सिस्टम का किया शुभारंभ बोले- रोबोटिक सर्जरी से चिकित्सा सुविधाओं के विकास में एक नया आयाम

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने शनिवार को राजधानी रायपुर स्थित टाटीबंध में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में मध्य भारत के शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों के प्रथम रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम 'देव हस्त' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, रोबोटिक सर्जरी छत्तीसगढ़ में चिकित्सा सुविधाओं के विकास में एक नया आयाम है। यह ऐतिहासिक क्षण प्रदेश की जनता को अत्याधुनिक और बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।



सीएम श्री साय ने स्वयं %देव हस्त% पर पहला ड्राई लैब डिसेक्शन कर इस अत्याधुनिक तकनीक की औपचारिक शुरुआत की। यह सिस्टम मध्य भारत के किसी शासकीय स्वास्थ्य संस्थान में स्थापित होने वाला पहला रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम है। सीएम श्री साय ने इस अवसर पर एम्स रायपुर में छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से भर्ती होने वाले मरीजों के परिजनों के ठहरने की सुविधा हेतु एम्स रायपुर में सर्व-सुविधायुक्त परिजन निवास निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि, डॉक्टरों को धरती पर भगवान का रूप माना जाता है क्योंकि वे हमें जीवन प्रदान करते हैं। आज जिस रोबोटिक सर्जरी सिस्टम का शुभारंभ हो रहा है, उसे 'देव हस्त' नाम दिया गया है। इसका लाभ न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि एम्स रायपुर में भर्ती होने वाले अन्य राज्यों के मरीजों को भी मिलेगा। एम्स रायपुर उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में लगातार मील का पत्थर साबित हो रहा है।

### एम्स रायपुर से मुझे विशेष लगाव

सीएम श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एम्स रायपुर से मुझे विशेष लगाव है। उन्होंने कहा कि, जब रायपुर एम्स के निर्माण को स्वीकृति मिली, उस समय मैं सांसद था और प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से छत्तीसगढ़ में एम्स की शाखा स्थापित करने का आग्रह किया था। यह आवश्यक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# शराब घोटाला: भूपेश के बेटे की रिमांड 15 सितंबर तक बढ़ी

रायपुर (दावा)। मनी लॉन्ड्रिंग की बात सामने आने के बाद ईडी जांच कर रही है। डीएमएफ वित्त पोषित एक ट्रस्ट है, जिसे छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में खनन से संबंधित परियोजनाओं और गतिविधियों से प्रभावित लोगों के लाभ के लिए काम करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।



### ईडी ने 23.79 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

छत्तीसगढ़ में डीएमएफ घोटाला केस में ईडी ने पूर्व में 23.79 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति कुर्क है। कुर्क की गई ये संपत्ति डीएमएफघोटाले में आरोपी निलंबित आईएएस रानू साहू, माया वॉरियर, मनोज कुमार द्विवेदी समेत 10 लोगों की है। शराब घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की रिमांड 15 सितंबर तक बढ़ गई है। 15 सितंबर को ईडी चैतन्य के खिलाफ चालान पेश कर सकती है। शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। बता दें कि, चैतन्य बघेल को ईडी ने पिछले 18 जुलाई को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद वो 2 महीने से जेल में बंद हैं। दरअसल, शराब घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चैतन्य बघेल को भी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# झांकी देखने निकले एक परिवार की खुशियां पलक झपकते मातम में बदल गई : सड़क हादसे में तीन की मौत

खैरागढ़ (दावा)। सड़कें लोगों को मंजिल तक पहुंचाने का जरिया होती हैं, लेकिन जब लापरवाही और तेज रफ्तार उस पर हावी हो जाए तो यही सड़कें जिंदगी छीन लेती हैं। खैरागढ़ के पास हुआ ताज़ा हादसा इसका दिल दहला देने वाला उदाहरण है। झांकी देखने निकले एक परिवार की खुशियां पलक झपकते मातम में बदल गई। हादसे में मामा-भांजे की मौके पर मौत हो गई, जबकि मां और बच्चियां जिंदगी व मौत के बीच जूझ रही हैं।

शनिवार की रात ग्राम बल्देवपुर निवासी रिलेश साहू (32 वर्ष) अपने भांजे मोहित साहू (13 वर्ष) पत्नी करिश्मा साहू और दो नन्हीं बेटियों (डेढ़ और तीन वर्ष) के साथ बाइक से राजनांदगांव झांकी देखने जा रहे थे। ठेलकाडीह से पहले आशीर्वाद ढाबा के पास तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी, कि रिलेश साहू और मासूम मोहित की मौके पर ही मौत हो गई। करिश्मा साहू और उनकी बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को तत्काल राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया जहां उनका उपचार जारी है।


0 सड़क हादसे में मामा-भांजे की मौके पर मौत,
0 तीन लोगों की जिंदगी, मां और दो बच्चियों की मौत और जिंदगी से जुझ रही

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, ठेलकाडीह थाना पुलिस और यातायात दल मौके पर पहुंचे और शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए खैरागढ़ भेजा। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

यह हादसा केवल एक परिवार का निजी दुख नहीं बल्कि समाज के लिए चेतावनी है। एक ही बाइक पर पांच लोगों का सवार होना यातायात नियमों का खुला उल्लंघन है। पुलिस लगातार अभियान चलाकर लोगों से हेलमेट पहनने नियमों का पालन करने और क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने की अपील करती रही है। लेकिन इन चेतावनियों की अनदेखी का खामियाज़ा अक्सर मासूम जिंदगियों को चुकाना पड़ता है।

## पहला कॉलम...

### बालाजी मंदिर में शेड निर्माण का भूमिपूजन और कार्य प्रारंभ



राजनांदगांव (दावा)। स्टेशनपारा वार्ड नंबर 11 में पूर्व महापौर हेमा देशमुख, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे व शहर उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आसिफ अली की उपस्थिति में पार्षद छोटेलाल रामटेके व मंदिर समिति द्वारा बालाजी मंदिर में शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के तुरंत बाद निर्माण कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया। कार्यक्रम में जय मुदलियार, श्रीकांत मुदलियार, श्रीनिवासराव, योगेश मुदलियार, विशाल गढ़े, मिलिंद रेड्डी, शरद यादव, घनश्याम विश्वकर्मा, देवेन्द्र साहू, इंद्राणी यादव, देवकी यादव, रूबी साहू, लता यादव, चंद्र साहू, गायत्री साहू, किरण साहू, जितेन्द्र साहू, बाबा यादव सहित समस्त वार्डवासी उपस्थित थे।

### कृष्णा पब्लिक स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में हाल ही में एक शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह विद्यालय पिछले 16 वर्षों से पहली से आठवीं कक्षा तक की शिक्षा प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर विद्यालय की संचालक श्रीमती मोना गोसाई ने बताया कि अपनी माताजी के सपने को पूरा करना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका स्कूल पिछले 16 वर्षों से कम फीस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। समारोह में स्कूल की सभी शिक्षिकाओं और स्टाफ को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर हेमा देशमुख और विशिष्ट अतिथि निकहत परवीन मौजूद थी। निकहत परवीन ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में माँ हमारी पहली शिक्षक होती है, और उसके बाद स्कूल के शिक्षक हमें सही शिक्षा और जीवन जीने का तरीका सिखाते हैं। इस कार्यक्रम में शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों के साथ-साथ पूर्व शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

### 17 सितम्बर को एक दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित

राजनांदगांव(दावा)। शासकीय मेडिकल कालेज राजनांदगांव में 17 सितम्बर 2025 को एक दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शासकीय एवं निजी हॅस्पिटल के रायपुर, दुर्ग, भिलाई से आए विशेषज्ञ चिकित्सक जनसामान्य को चिकित्सा सेवाएं देंगे। इस एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में लोगों को ज्यादा से ज्यादा शामिल होकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की गई है।

### खंडग्रास चंद्र ग्रहण के अवसर पर मंदिरों के पट बंद रहेंगे

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी, वैभव निर्वाणी, राम जानकी बाला बाबा मंदिर के पुजारी ने संयुक्त रूप से बताया कि 7 सितम्बर रविवार को रात्रि 9:57 बजे खंडग्रास चंद्रग्रहण स्पर्श का समय है चंद्र ग्रहण का सुतक रविवार को दोपहर 12:57 बंजे लगेगा चंद्र ग्रहण का मोक्ष रात्रि 1:26 बजे होगा। उक्त समय में राम जानकी बाला बाबा मंदिर सोनार पारा का पट भी बंद रहेगा। अर्थात को दोपहर 12:57 बजे दुसरे दिन प्रातः सूर्योदय तक अर्थात सोमवार प्रातः तक मंदिरों के पट खुलेंगे। ग्रहण काल में मंत्र जाप भजन कीर्तन कर सकते हैं। विशेष दिनांक 7 सितंबर से हि पित्रपक्ष प्रारंभ हो रहा है। पूर्णीमा के श्राद्ध कर्म हेतु ब्राम्हण भोजन अथवा दान पुण्य दोपहर 12 बजे के पूर्व सभी कार्य पूर्ण हो इसका विशेष ध्यान रखें सूतक काल में अन्न जल ग्रहण नहीं किया जाता। सूतक काल में चांवल व अन्य खादय पदार्थों को कुश व तुलसी पत्र डालकर शुद्ध रखा जाता है।

### पूर्व पार्षद शारदा सिंह का निधन



डोंगरगांव (दावा)। समाजसेवी तथा धार्मिक संस्थाओं से जुड़ी पूर्व पार्षद शारदा सिंह राजपूत 56 वर्ष का शुक्रवार तड़के आकस्मिक निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार आज तड़के अचानक उनका स्वास्थ्य खराब हुआ तो स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। स्थिति में सुधार न होने पर राजनांदगांव हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन वहां भी उन्हें नहीं बचाया जा सका। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, नगरवासी तथा परिजन शामिल हुए।

## जीएसटी सुधारो से नागरिकों का जीवन बेहतर और सरल होगा - खूबचंद पारख



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट दर्जा प्राप्त मंत्री खूबचंद पारख ने जीएसटी सुधारो की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा लिए गए निर्णय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी पूर्ण ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी है। श्री पारख ने कहा कि जीएसटी की विभिन्न स्लैब दरों में कटौती करके केंद्र सरकार ने आम भारतीय जन के जीवनयापन को हर स्तर पर आसान बना दिया है। श्री पारख ने कहा कि निश्चित रूप से इस निर्णय से भारत की अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार आएगा उन्होंने कहा कि इस फैसले से स्वाधीनता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से जिन व्यापक आर्थिक सुधारो का संकल्प प्रधानमंत्री मोदी ने लिया था, उसे पूरा किया है। श्री पार्क में कहा कि जीएसटी दरों में कटौती और सुधार के प्रस्ताव से आम लोग, किसान, मध्यम वर्ग, श्रमिक, महिलाएं और युवा लाभवंतित होंगे। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से व्यापार व्यवसाय और उद्योगों को राहत मिलेगी इससे नए उद्योगों को नहीं ऊर्जा मिलेगी बिना किसी दबाव और बिना चुनाव के किया गया यह प्रावधान आम आदमी के जीवन को आसान बनाने और देश की अर्थव्यवस्था को गति देने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### व्यापारी पारदर्शिता से टैक्स जमा करें-पारख

चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक और वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने कहा कि पहले व्यापारी तर्क दिया करता था कि सरकार ने भारी भरकम जीएसटी लगा दिया है, परंतु अब जीएसटी को मोदी सरकार ने आसान बना दिया है। इसलिए उन्होंने सभी व्यापारियों से निवेदन किया कि सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए पूरा काम बिल में करें और ईमानदारी से टैक्स अदा करें, ताकि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और हम विश्व में पुनः अपने देश का परचम लहरा सके। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने बिना किसी के प्रेशर में जन आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए स्वतः व्यापारियों को जीएसटी की दरों को कम करते हुए जो लाभ पहुंचाया है। उस पर खरा उतरते हुए व्यापारियो को भी अपना स्वाभिमान दिखाते हुए सरकार के इस पहल को सार्थक करते हुए जीएसटी कलेक्शन को कम नहीं होने देना है।

## दिग्विजय महाविद्यालय हर्बल औषधियों द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति पर वर्कशॉप का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव (छग) के प्राचार्यो डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में रसायन शास्त्र विभाग द्वारादो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 'हीलिंग हर्ब्सः ए प्रैक्टिकल वर्कशॉप ऑन नेचुरल वेलनेस' विषय पर आयोजित की जा रही है। प्राकृतिक औषधियों एवं आयुर्वेद के महत्व पर केन्द्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंच संचालन सुश्री वंदना मिश्रा, डॉ. प्रियंका सिंह लिकेश्वर सिन्हा द्वारा किया गया। विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए।दुसरे दिनकार्यक्रम का प्रारंभ तकनीकी से हुआ। डॉ. भावना जैन, साइंटिस्ट, सिद्धाचलम लेबोरेटरी, रायपुर ने 'भस्म टू नैनोमेडिसिनः ब्रिजिंग ट्रेडिशनल विज़डम विद मॉडर्न साइंस' विषय पर व्याख्यान दिया। वैद्य शेखू राम वर्मा, राष्ट्रीय उपचार केन्द्र, देवरी (जिला खैरागढ़ छुइखदन गंडई) ने 'हड्डी जोड़ने हेतु आयुर्वेदिक उपाय एवं टेपिंग तकनीक' पर उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न हर्बल उत्पादों का प्रदर्शन किया तथा उनके उपयोग एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक उत्पाद मानव स्वास्थ्य के लिए अधिक लाभकारी हैं तथा किसी प्रकार के दुष्प्रभाव से मुक्त रहते हैं। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक और आयुर्वेदिक उत्पाद शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ सुरक्षित भी हैं। डेमोंस्ट्रेशन में उपस्थित लोगों ने उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई और उन्हें उपयोग करने की बात कही। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध एवं नवाचार की भावना को बढ़ावा देना तथा आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक उत्पादों के महत्व को समाज तक पहुंचाना था। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने-अपने हरबल उत्पाद प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल द्वारा उत्पादों के उपयोग, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, प्रस्तुतीकरण एवं प्रभावशीलता के आधार पर मूल्यांकन किया गया।

### विद्यार्थियों ने सीखा हर्बल उत्पाद का निर्माण

### परिणाम इस प्रकार रहा

प्रथम स्थानअनुष्का सिंह, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की फार्मेसी विभाग की छात्रा, जिनका उत्पाद हर्बल बॉडीएक्सफोलिएंट जेल, द्वितीय स्थानविशाल बघेल, शुभम कुमार एवं रेणुका एक्का को प्राप्त हुआजिनका उत्पादहर्बल टिंचर (जीविका) एवं तृतीय स्थान डॉ. अंकिता गुप्ता एवं जयश्री साहू, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की फार्मेसी विभाग की छात्रा, जिनका विषय हर्बल लिप जेलकार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने हर्बल प्रोडक्ट्स की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी और इनके माध्यम से स्वास्थ्य संरक्षण एवं सौंदर्य संवर्धन में प्राकृतिक संसाधनों की भूमिका स्पष्ट की। समापन अवसर पर निर्णायकों एवं अतिथियों ने विजेताओं को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में सहायक सिद्ध होती हैं। कार्यक्रम में उपभोक्ता, छात्र और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यशाला के संयोजक डॉ. डाकेश्व कुमार वर्मा, सहायक प्राध्यापक था। सह-संयोजक यूनुस रज़ा बेग, विभागाध्यक्ष, रसायन शास्त्र विभाग थे।

आयोजन सचिव में डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. अश्वनी शर्मा, श्रीमती रीमा साहू, श्री विकास कांडे, सुश्री वंदना मिश्रा, श्री लिकेश्वर सिन्हा, डॉ. रेनू वर्मा, डॉ.संगीता राजपूत, हर्ष सोनी, रसायन शास्त्र विभाग सेआयोजन समिति में सम्मिलित रहे। दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के प्रायोजक छत्तीसगढ़ परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, छत्तीसगढ़ जनजातीय स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप मंडल, रायपुर,एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, दिग्विजय स्टेडियम के पास, राजनांदगांव (छग), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कलेक्ट्रेट शाखा राजनांदगांव रहे। द्वितीय दिवस कार्यशाला समापन पर यूनुस रज़ा बेग के द्वारा सभी सहयोगियों और उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। उक्त वर्कशॉप में महाविधालय के रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा, मुख्य लिपिक श्रीमति मंजूषा बाजपेयी ने प्रबंधन कार्यो में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्कशॉप में लगभग 35 स्टाल लगाये गये थे। जिसमे छात्रो द्वारा बनाये गये हर्बल उत्पादोंकी प्रदर्शनीय लगाई गई।

## जीएसटी कटौती से आम जनता के जीवन में होगा आर्थिक बदलाव



राजनांदगांव (दावा)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की बैठक में लिए गए निर्णय कि जीएसटी की चार स्लैब वाली संरचना को समाप्त कर दो स्लैब वाली प्रणाली को स्वीकृत किया जाना निश्चित रूप से स्वागत योग्य है। क्योंकि इस ऐतिहासिक निर्णय से न केवल कर व्यवस्था को सरल बनाया जाएगा बल्कि सामान्य जन मानस, किसान, युवा, महिलाएं तथा श्रमिक एवं छोटे व्यवसाईयों पर टैक्स का बोझ कम होने से उनके जीवन में व्यापक आर्थिक बदलाव होगा साथ ही सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रयासों से जीएसटी दरों में की गई कटौती और किए गए सुधारो से आम जनमानस, किसान, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग, महिला एवं युवा वर्ग निश्चित रूप से लाभान्वित होंगे।

0 जीएसटी की दर कम करने पर प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का जताया आभार
0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में और

केंद्र सरकार द्वारा किए गए इस ऐतिहासिक पहल से, जिनकी घोषणा प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस के दिन ही की थी, निःसंदेह समाज के सभी वर्ग इससे लाभान्वित होंगे। जीएसटी काउंसिल ने 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत वाली स्लैब को समाप्त कर अब सिर्फ दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत ही रखा है। वहीं विलासिता और हानिकारक वस्तुओं को 40 प्रतिशत का एक अलग से स्लैब मंजूर किया है। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी जी समाज के समग्र विकास और आर्थिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। श्री द्विवेदी ने कहा कि आयकर में 12 लाख तक की छूट के बाद जीएसटी में भारी कमी करने से खेती किसानी के उपकरण, ट्रैक्टर, थ्रेसर, खाने-पीने की चीज, टीवी, फ्रिज, कूलर, बाइक, दवाइयां शिक्षण सामग्री, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं सस्ती हो जायेंगी तथा दूध रोटी पराठा तथा 33 जीवन रक्षक दवाइयां, गंभीर बीमारियां तथा दुर्लभ बीमारियों के लिए दवाएं टैक्स फ्री हो जायेंगी एवं कई आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी अब शून्य हो जाएगा। हेल्थ और जीवन बीमा की पॉलिसी के प्रीमियम पर जीएसटी हटा दिया गया है ।इस प्रकार नवरात्रि के प्रथम दिन 22 सितंबर से जीएसटी की दरों में जो कटौती की जानी है, वह दीवाली, दशहरा के पहले, देशवासियों के लिए बहुत बड़ा तोहफा है। इसके लिए प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ की ओर से प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री और जीएसटी काउंसिल को इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट करते हैं।

## जीएसटी दरों में कमी से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी - चैंबर ऑफ कॉमर्स

राजनांदगांव (दावा)। चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद ने जीएसटी दरों को दो स्लैब में करने के केंद्र सरकार के फैसले को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है। जब बिना किसी आंदोलन या दबाव के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पारिवारिक मुखिया की तरह टैक्स स्लैब को कम किया है।



कमलेश बैद ने बताया कि इस बदलाव में विलासिता की वस्तुओं (जैसे महंगी गाड़ियां और तंबाकू) पर टैक्स बढ़ाया गया है, जबकि आम आदमी की जरूरी चीजों पर टैक्स या तो खत्म कर दिया गया है या कम किया गया है। उनके अनुसार, यह दर्शाता है कि केंद्र की मोदी सरकार गरीबों की चिंता करती है। उनका मानना है कि इस कदम से व्यापार करना आसान होगा। पारदर्शिता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

### चैंबर ने डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया

चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी जीएसटी दरों में बदलाव के लिए प्रयास किए थे। इसलिए चैंबर का एक प्रतिनिधिमंडल उनके आवास पर मिला और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भी आभार व्यक्त किया। इसके अलावा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रदेश वित्त मंत्री ओपी चौधरी को भी धन्यवाद दिया गया। चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री और जिला प्रवक्ता अमर लालवानी ने बताया कि इस मुलाकात के दौरान स्थानीय व्यापारी महेश माखीजा के साथ हुई धोखाधड़ी का मामला भी डॉ. रमन सिंह के संज्ञान में लाया गया। इस मौके पर भाजपा के स्थानीय नेता और चैंबर के कई प्रतिनिधि मौजूद थे। जिनमें जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल और भीमन धनवानी सहित अन्य प्रमुख सदस्य शामिल थे।

## स्वास्थ्य मितानिनों का अनिश्चितकालीन हड़ताल, शासन पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के आह्वान पर 7 सितंबर से नया रायपुर के तूता में मितानिनों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। संघ ने 4 सितंबर को हुई राज्यव्यापी चक्काजाम की घटनाओं के लिए सीधे तौर पर शासन और प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। संघ ने कहा कि मितानिन शांतिपूर्ण धरने के लिए नया रायपुर जा रही थीं, लेकिन पुलिस प्रशासन ने उन्हें जगह-जगह रोका। आरोप है कि पुलिस ने कहीं मितानिनों को रात भर थाने में बिठाया। कहीं बारिश में 3 घंटे तक खड़ा रखा और यहाँ तक कि उन्हें डराने के लिए साँप पकड़ने वालों को बुलाया। इसके अलावा कुछ जगहों पर शराब पिलाए हुए लड़कों से मितानिनों के साथ झगड़ा करवाया गया और पुलिस ने खुद भी उनके साथ मारपीट की।



इन सब बाधाओं के बावजूद लगभग 40,000 मितानिन तूता धरना स्थल पर पहुँचीं और मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने के लिए निकलीं। रास्ते में भारी पुलिस बल और बैरिकेड्स लगाए गए थे। संघ का दावा है कि इतनी बड़ी संख्या में होने के बावजूद किसी भी मितानिन ने न तो बैरिकेड्स तोड़े और न ही पुलिस से बदतमीजी की। संघ ने कहा कि बार-बार समझाने के बाद भी जब उन्हें आगे नहीं जाने दिया गया, तो मजबूरन चक्काजाम की स्थिति उत्पन्न हुई। संघ का कहना है कि यह चक्काजाम मितानिनों ने नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन ने करवाया। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की बजाय पुलिस के रोकने पर अपनी गरिमा का परिचय देते हुए वहीं रुकने का फैसला किया, जो उनके उच्च संस्कारों को दर्शाता है। संघ ने शासन की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे सत्ता का लोभ और गुंडागर्दी बताया है।

### शुभांक

अनुमानित
बी. के.
200-2 112-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं निकिता लोधी पिता श्री विजय कुमार वर्मा आयु 17 वर्ष निवासी-हाउस नं 55, वार्ड नं 15, बागतराई, डिलापहरी, राजनांदगांव (छ:ग)।

यह शपथ करता हूँ कि मैने अपना नाम बदलकर निकिता वर्मा पिता श्री विजय कुमार वर्मा रख लिया है। अत: आज से मेरा नाम शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेज में नया नाम निकिता वर्मा पिता श्री विजय कुमार वर्मा से ही जाना पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूँ।

**निकिता वर्मा**
पिता-श्री विजय कुमार वर्मा
निवासी-हाउस नं 55, वार्ड नं 15,
बागतराई, डिलापहरी, राजनांदगांव (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हयान देवांगन पिता श्री रोशन कुमार देवांगन आयु 03 माह निवासी-24, सोमाझिटिया, सोमाझिटिया, माथलडबरी, तह. डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ:ग) यह शपथ करता हूँ कि मैने अपना नाम बदलकर हान्विक देवांगन पिता श्री रोशन कुमार देवांगन रख लिया है। अत: आज से मेरा नाम शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेज मे नया नाम हान्विक देवांगन पिता श्री रोशन कुमार देवांगन से ही जाना पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूँ।

**हान्विक देवांगन**
पिता श्री रोशन कुमार देवांगन
निवासी - 24, सोमाझिटिया,
सोमाझिटिया, माथलडबरी,
तह. डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ:ग)

SILVER SCREEN MULTIPLEX
06th Sep To 11th Sep 2025



Baaghi 4 - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
The Bengal Files - 11:30am and 05:45 pm
The Conjuring Last Rites - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Dil Madharaasi - 09:30 pm
Param Sundari - 03:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेल
ईद एवं गणेश विसर्जन पर
नरसिम्हा
महाअवतार



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# सीटी स्कैन मशीन मिलने से शासकीय मेडिकल कालेज राजनांदगांव में स्वास्थ्य सुविधाओं में हुई बढ़ोत्तरी - विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

### विधानसभा अध्यक्ष ने सीटी स्कैन मशीन का किया लोकार्पण

### पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा एवं ट्रॉमा सेंटर स्थापना के लिए किया गया भूमिपूजन

### विशेषज्ञ चिकित्सक जनसामान्य को देंगे चिकित्सा सेवाएं

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव में सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण तथा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की आदमकद प्रतिमा एवं ट्रॉमा सेंटर स्थापना हेतु भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महापौर मधुसूदन यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शासकीय मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के लिए आज का दिन गौरवपूर्ण है तथा सीटी स्कैन मशीन मिलने से महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि शासकीय मेडिकल कालेज को 30 करोड़ रूपए की लागत की एमआरआई मशीन मिलेगी, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। वही 2 करोड़ 69 लाख रूपए के ट्रामा सेंटर का आज भूमिपूजन एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की आदमकद प्रतिमा की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने इसके लिए सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि निर्णय एवं क्रियान्वयन के लिए सभी के संयुक्त प्रयासों से यह सौगात मिली। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शासकीय मेडिकल कालेज राजनांदगांव में 17 सितम्बर 2025 को एक दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शासकीय एवं निजी हॉस्पिटल के रायपुर, दुर्ग, भिलाई से आए विशेषज्ञ चिकित्सक जनसामान्य को चिकित्सा सेवाएं देंगे। उन्होंने इस एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में लोगों को अधिक से अधिक शामिल होकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की। उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राजनांदगांव जिले को एक अच्छी सौगात मिली है। सीटी स्कैन मशीन लगने के साथ ही ट्रामा सेंटर का शुभारंभ होने से जनसामान्य को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी। इसके लिए उन्होंने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कार्य करने का जुनून हो तो अच्छे कार्य होते है। उन्होंने बताया कि कबीरधाम जिले में भी मेडिकल कालेज का निर्माण किया जा रहा है।



लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हुई। उन्होंने राजनांदगांव मेडिकल कालेज को एम्स की तर्ज पर अपने मार्गदर्शन में निर्माण कराया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में विशेष तौर पर कार्य कर रहे है। मुख्यमंत्री ने पांच मेडिकल कॉलेज कबीरधाम, जांजगीर-चापा, दन्तेवाड़ा एवं जशपुर में स्वीकृत किए है। जिसका शीघ्र ही शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुपर मल्टीस्पेशिलिटी हास्टिल प्रारंभ किए जा रहे है तथा 17 जिलों में सीटी स्कैन मशीन एवं एमआरआई मशीन लगाई गई है। उन्होंने कहा कि शासकीय मेडिकल कालेज राजनांदगांव में 30 करोड़ रूपए की लागत से एमआरआई मशीन लगाया जाएगा। बस्तर क्षेत्र के दूरस्थ अंचलों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही है। नक्सलवाद की लड़ाई में घायल जवानों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। नक्सलगढ़ में अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को आने वाले पीढ़ी मानस पटल में स्मरण रख सके इसके लिए आदमकद प्रतिमा का भूमिपूजन किया गया है। इसके साथ ही कैजुएल्टी को ध्यान में रखते हुए 2 करोड़ 70 लाख रूपए की लागत से ट्रॉमा सेंटर का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि शासकीय मेडिकल कालेज के विद्यार्थियों के लिए 2 साल का बांड एक वर्ष कर दिया गया है। बांड के एग्रीमेंट की राशि 25 लाख रूपए है, जिसे कम करने या समाप्त करने पर विचार किया जा रहा है।

# आज से पितृ पखवाड़ा शुरु, पतरों का किया जाएगा तर्पण

**पंद्रह दिनों तक शुभ कार्यों में रहेगी मनाही, धार्मिक पूजा - पाठ का बना रहेगा माहौल**



राजनांदगांव (दावा)। अनंत चतुर्दशी को भगवान श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन के बाद दूसरे दिन 7 सितंबर से पितृपक्ष प्रारंभ हो गया। आज रविवार को पितरहा घरों में बैसकी मनाई जाएगी। इससे बाद से सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के पंद्रह दिनों तक पितरों को नदी - सरोवरों में जाकर तर्पण किए जाने व श्राद्धकर्म किए जाने का सिलसिला जारी रहेगा।

हिन्दू सनातन धर्म में पितृ पूजन की महत्त्वपूर्ण परंपरा है। ज्ञानी- गुणी जनों की मानें तो क्वांर मास की प्रतिपदा के समय स्वर्ग वासी पितृ जन अपने घर- परिवार के लोगों से श्राद्ध व तर्पण पाने की अभिलाषा से पृथ्वी के करीब आते हैं और अपने पुत्र पौत्र बंधु- बांधवों से श्राद्ध - तर्पण पाकर संतुष्ट होते हैं तथा उन्हें भरपूर आशीर्वाद प्रदान करते हैं। पितृपक्ष में पितरो को मानने की परंपरा हिंदी सनातनी समाज में आदि काल से चली आ रही है। तुलसी दास जी ने श्री रामचरित मानस में देव दनुज नर नाग खग में प्रेत पितर गंधर्व योनियों की बात कही है। पितृ देवता इस काल में पृथ्वी पर आकर तथा तर्पण पाकर संतुष्ट हो कर अपने परिजनों पर कृपा दर्शाते हैं और फिर बाद में अपने पितृ लोक को चले जाते हैं।

इस बार यह संयोग ही है कि अनंत चतुर्दशी के दिन ही चंद्र ग्रहण का सूतक प्रारंभ हो रहा है तथा पितृपक्ष की शुरुआत में प्रतिपदा के दिन इसकी साया बनी रहेगी। सूतक के दौरान पूजा-अर्चना व अन्य शुभ कार्य नहीं किए जाते। इसलिए मंदिरों के पट बंद रहेंगे। चूंकि चंद्रग्रहण का सूतक काल ग्रहण लगने के 9 घंटे पूर्व शुरू होता है इसलिए अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश प्रतिमा विसर्जन के समय भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को ढंक दिया जाएगा। विसर्जन झांकी की बाकी चलित अथवा अचलित मूर्तियां प्रदर्शित होते रहेगी। बताया जाता है कि चंद्र ग्रहण कल रविवार को दिन में 12, 59 में प्रारंभ होगा जो रात में 9 बजे छूटेगा। इस बीच पूजा पाठ व अन्य शुभ कार्यों की वर्जना रहती है। चूंकि पितरो को पितृ तर्पण से संबंधित कार्य जिसे किया जा सकेगा।

स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सर्व पितृ अमावस्या पर पितरो के श्राद्ध तर्पण की व्यवस्था की गई है। इसके लिए अपने पितरों के श्राद्ध तर्पण के लिए मंदिर में आकर पंजीयन की व्यवस्था की गई है। उक्त के पश्चात मंदिर के पुरोहित यजमान के घर जा कर वैदिक परंपरानुसार पितरो का श्राद्ध तर्पण कर सकेंगे।

शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या के हवाले से व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने बताया कि मंदिर में पितृ पक्ष पर यानी 21 सितंबर को एक विशेष सामूहिक श्राद्ध और तर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह पवित्र अवसर पितृ पक्ष के समापन का प्रतीक है, और इस दिन पितरों के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने की परंपरा है। उन्होंने बताया कि शास्त्रों के अनुसार, सर्व पितृ अमावस्या पर किया गया श्राद्ध और तर्पण सीधे हमारे दिवंगत पूर्वजों की आत्मा तक पहुंचता है, जिससे उन्हें शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह उन सभी लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो किन्हीं कारणों से अपने ज्ञात या अज्ञात पितरों का श्राद्ध और तर्पण नहीं कर पाए हैं। उन्होंने सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में 21 सितंबर को सुबह 9 बजे से आयोजित इस पुण्य कार्य में शामिल होकर अपने पूर्वजों के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान प्रकट करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जो लोग अपने घरों पर श्राद्ध और तर्पण कराना चाहते हैं, वे गायत्री शक्तिपीठ कार्यालय के नंबर 7987614465, 9179798 990 पर संपर्क कर सकते हैं।

# खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेताओं को जीवनदीप समिति में मिली जगह







राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर, खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेताओं को विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों की जीवनदीप समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन राजनांदगांव कलेक्टर द्वारा किया गया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, छुरिया : सुरेंद्र सिंह भाटिया, शिशुपाल साहू, राधेश्याम शर्मा, सपनिल पटेल, सूरज डडसेना, टामेश कुंभकार (पार्षद), और उभेराम मंडावी (जनपद सदस्य), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चिचोला : खेदूराम सिन्हा, सोहन कुंजाम, श्यामसुंदर साहू, और श्रीमती चुनिया बाई कंवर (जनपद सदस्य), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रखोभा : देवदास साहू, मायाराम साहू, लेखराम निर्मलकर, और श्रीमती राधिका बाई चंद्रवंशी (जनपद सदस्य), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुमर्दा : सुंदरलाल साहू, कंशुराम यादव, एस. कुमार सेन, और श्रीमती लक्ष्मीबाई मंडावी (जनपद सदस्य), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उमरवाही : चंदूराम पटेल, आनंद तिवारी, ईश्वर निर्मलकर, और श्रीमती हरीलाबाई चंद्रवंशी (जनपद सदस्य), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गैंदाटोला : श्रीमती रीना कोचे, मनोहर साहू, रामकुमार साहू, और श्रीमती हेमिन साहू (जनपद सदस्य), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बूचटोला : श्रीमती थामबाई चंद्रवंशी, राजेश शुक्ला, जानूराम साहू और प्रशांत ठाकुर (जनपद सदस्य) आदि है।

मनोनीत सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत और अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है। जिसमें महामंत्री सौरभ कोठारी, रविंद्र वैष्णव, चंद्रिका प्रसाद ड़डसेना, एम.डी. ठाकुर, किरण रविंद्र वैष्णव, गीता घासी साहू, संजय कुमार सिन्हा, अजय पटेल, कांता प्रसाद साहू, खिलेशवर साहू और हृदय देवांगन शामिल हैं।

# स्वर्णकार समाज द्वारा शिक्षक सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। स्वर्णकार संघ द्वारा 5 सितंबर को अजमीद भवन में शिक्षक रत्न सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी शैंकी बग्गा पार्षद न.पा.नि. राजनांदगांव तथा अध्यक्षता जैनम वैद पार्षद न.पा.नि. राजनांदगा ने किया। कार्यक्रम में सोनी समाज के 43 शिक्षको पुष्प गुच्छ, शाल मोमन्टो, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। डॉ. राजू मोहबे अध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया। प्रोफेसर प्रशान्त कन्नौजे, डॉ सुनीता सोनी व्याख्याता राजेश स्वर्णकार पूर्व अध्यक्ष ने शिक्षक की महत्ता पर प्रकाश डाला। श्रीमती नागवांशी द्वारा गुरूवंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में राजनांदगांव जिला स्वर्णकार संघ के पदाधिकारी शकंर नागवंशी, राकेश कन्नौजे, बी.आर. सोनी कृष्ण कुमार सोनी ईश्वर सोनी, राजेश सोनी महेश सोनी, प्रकाश अखिलेश सुर्यकांत चौधरी सीताराम सोनी अरविंद सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन राजू सोनी ने किया। अनिल नागवंशी युवा प्रकोष्ठ प्रभारी ने यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति में दिया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया है।

# गणेश विसर्जन के समय दीवान पारा गणेश पंडाल के पास चाकूबाजी



राजनांदगांव (दावा)। शनिवार को गणेश विसर्जन के समय दीवान पारा में गणेश पंडाल में चाकू बाजी होने से बसंतपुर पुलिस ने 5 आरोपियों को धर दबोचा है। इससे एक नाबालिग भी रहा जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू बाजी की घटना मे प्रयुक्त मो0सा0 बुलेट व स्कूटी एवं लोहे का धारदार चाकू को जब्त किया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने आरोपियों के नाम तारकेष्वर पाल उर्फ सोनू पिता स्व0 हरि पाल उम्र 22 साल अंकुश यादव उर्फ बाबू पिता पूण्ना यादव उम्र 20 साल ,मयंक धर्मी उर्फ करण पिता धर्मेन्द्र धर्मी उम्र 19 साल अमन यादव पिता गणेश यादव उम्र 22 वर्ष ,बलराम यादव उर्फ बिट्टू पिता लक्ष्मीनारायण यादव उम्र 24 साल सभी निवासी जमातपारा वार्ड नं 24 बताया है।घटना के संबंध में उन्होंने बताया कि शनिवार 6 सितंबर को प्रार्थी हिमांशु केमे पिता राज केमे उम्र 20 साल निवासी दीवान पारा ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की शुक्रवार को रात्रि में खाना खाकर गौरा चौरा दीवान पारा के पास जय गणेश उत्सव समिति के पंडाल के पास में आया हुआ था कि रात्रि 10-30 बजे जमात पारा के रहने वाले मयंक ठाकुर, सोनु यादव, अंकुश यादव, अमन यादव, दीपक पाठक तथा दीपक पाठक का बड़ा भाई जिसका नाम नहीं जानता। जो गणेष पंडाल में मो0सा0 बुलेट और एक्टिवा मे आकर बुलेट का एक्सीलेटर जोर-जोर चलाकर फटाका की आवाज निकाल रहे थे जिससे पड़ाल के पास बहुत शोर शराबा होने तथा सायलेंसर से अधिक धुआ निकलने पर इसके द्वारा मना करने पर तुम कौन होते हो मना करने वाले कहकर मुझे मों बहन की गंदी गंदी गालिया देकर जान से मारने की धमकी देकर मयंक ठाकुर के द्वारा अपने पास रखे हुए धारदार चाकु से मुझे दाहिने कमर के नीचे कुल्हा के पास मारने से चोट आना बताया कि रिपोर्ट पर आरोपियो के खिलाफ अप0क्र0 480/25 धारा 296, 118 (2), 191(3), 3 (5) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया जाकर वरिष्ठ अधिकारियो को तत्काल अवगत कराया गया। तदुपरांत उनके निर्देश व मार्गदर्शन में तत्काल पुलिस टीम रवाना कर आरोपियो की पतासाजी कर मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर उन्हें धर दबोचा गया।

# डोंगरगांव की शराब दुकान में अनियमितता, दो सेल्समैन ब्लैकलिस्ट

राजनांदगांव (दावा)। जिले के डोंगरगांव स्थित कंपोजिट मदिरा दुकान में अनियमितता पाए जाने के बाद दो सेल्समैन को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। यह कार्रवाई राज्य स्तरीय उड़नदस्ता की जांच के बाद की गई है, जिसमें शराब को निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बेचा जा रहा था। 28 अगस्त को हुई इस जांच के दौरान, यह पाया गया कि विक्रयकर्ता गनपत यादव ग्राहकों से ज्यादा पैसे ले रहा था। इसके बाद, उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 39(ग) के तहत एक मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, जांच में दुकान के मुख्य विक्रयकर्ता गजेंद्र सिंह राजपूत की भी संलिप्तता पाई गई। नतीजतन, दोनों, गनपत यादव और गजेंद्र सिंह राजपूत, को तत्काल प्रभाव से ब्लैकलिस्ट करने का आदेश दिया गया है। संबंधित विभाग को इस कार्रवाई की सूचना देने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण, चेंबर ऑफ कॉमर्स ने जताया आभार



राजनांदगांव (दावा)। शहर के मेडिकल कॉलेज में लंबे समय से प्रतीक्षित सीटी स्कैन मशीन का आज लोकार्पण किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इसका उद्घाटन किया। इस पर, चैंबर ऑफ कॉमर्स ने डॉ. सिंह और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया है। चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों जिनमें प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख, अध्यक्ष कमलेश बैद और अन्य प्रमुख सदस्य शामिल थे, ने कहा कि इस आधुनिक मशीन से गरीब मरीजों को बहुत फायदा होगा। उनका मानना है कि यह मशीन गंभीर बीमारियों की जांच और निदान में काफी मददगार साबित होगी। इस मौके पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे। जिनमें राजा माखीजा, भागचंद गीडिया और प्रशांत कांकरिया जैसे लोग शामिल थे।

# डॉ. रमन और स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज में ट्रॉमा सेंटर एवं भारतरत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की आदमकद प्रतिमा स्थापना के लिए किया भूमिपूजन



**28 लाख 22 हजार रूपए की लागत से भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 7 फीट आदमकद प्रतिमा की जाएगी स्थापित**

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव परिसर में 2 करोड़ 69 लाख 74 हजार रूपए की लागत के ट्रॉमा सेंटर एवं 28 लाख 22 हजार रूपए की लागत से भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की आदमकद प्रतिमा स्थापना के लिए भूमिपूजन किया। उल्लेखनीय है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव परिसर में 28 लाख 22 हजार रूपए की लागत की भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 7 फीट आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय परिसर राजनांदगांव में 2 करोड़ 69 लाख 74 हजार की लागत से ट्रॉमा सेन्टर का निर्माण किया जाएगा। ट्रॉमा सेन्टर का निर्माण कार्य (दो तल) भू-तल एवं प्रथम तल में बनाया जाएगा। ट्रॉमा सेन्टर में 22 बिस्तर के वार्ड प्रावधानिक हैं। इस ट्रामा सेन्टर के भूतल में माईनर ओटी, आईसीयू, ईसीजी, यूसीजी एवं 2 ओपीडी कक्ष रहेगा। प्रथम तल में 2 ओटी, पोस्ट ऑपरेटिव एवं प्री-ऑपरेटिव कक्ष भी होगा। भूतल से प्रथम तल जाने के लिए लिफ्ट एवं रैम्प बनाया जाएगा। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्ष सीजीएमएससी दीपक मस्के, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल योगेश दत्त मिश्रा, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, पार्षद कुलेश्वर ध्रुव, पद्मश्री पुखराज बाफना, भावेश बैद सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, चिकित्सा महाविद्यालय के डॉक्टर्स एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव में शिक्षक दिवस समारोह में हुआ शिक्षकों का सम्मान




राजनांदगांव (दावा)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षक दिवस का समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गीत और कविताएँ शामिल थीं। समारोह का एक खास हिस्सा यह था कि विद्यार्थियों ने स्वयं शिक्षकों की भूमिका निभाई। जिससे उन्हें अध्यापन के महत्व और जिम्मेदारी का अनुभव हुआ।

प्राचार्य मनोज कुमार ने संबोधन में कहा कि शिक्षकों को समाज का निर्माता बताया और उनके योगदान को अमूल्य बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने गुरुजनों का सम्मान करने और उनके दिखाए रास्ते पर चलने की सलाह दी। समारोह के दौरान कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा भेजे गए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। अंत में प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# दहेज की जंजीरों में जकड़ी बेटी, पति की मारपीट और धमकियों से त्रस्त : थाने में पति के खिलाफ जुर्म दर्ज

**0 आरोपी रंजीत खंडे पर धारा 115( 2 ) और 351( 3 ) के तहत माम दर्ज**
**0 लग्जरी कार की करता था मांग**

खैरागढ़ (दावा)। एक बार फिर नगर की बेटी दहेज के नाम पर जुल्म की शिकार हुई। शादी के कुछ महीने बाद से ही रात दिन मारपीट और यातना से त्रस्त बेटी पहुंची थाने कराई एफआईआर। संगीत नगरी खैरागढ़ की सिविल लाइन में रहने वाली 28 वर्षीय युवती ने अपने पति रंजीत सिंह खंडे के खिलाफ दहेज प्रताड़ना मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत थाना खैरागढ़ में दर्ज कराई है। युवती का आरोप है कि शादी के कुछ महीनों बाद से ही पति दहेज के नाम पर उसे शारीरिक और मानसिक यातनाएँ दे रहे हैं।

आवेदिका ने बताया कि सात वर्ष पूर्व 19 अप्रैल 2019 को हिंदू रीति-रिवाज से विवाह हुआ। लेकिन विवाह के महज़ एक वर्ष बाद से ही पति ने लग्जरी कार की मांग करते हुए गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। प्रताड़ना इतनी बढ़ गई कि आए दिन उसे घर से निकाल दिया जाता। पीड़िता का कहना है कि हाल ही में पिता की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद शोक में डूबी होने के बावजूद पति ने उसे परिवारजनों के सामने बेरहमी से पीटा। यहां तक कि उसके खाने को कूड़ेदान में फेंककर उसी गंदगी से उसे जबरन खिलाने की कोशिश की।

यही नहीं पति ने धमकी दी अभी तो तुम्हारा बाप मरा है, अब तुम्हारे भाई की बारी है। युवती का आरोप है, कि 3 सितंबर 2025 की रात 11 बजे पति रंजीत खंडे ने फिर से हाथ-पैर और मुक्कों से मारपीट की और धमकी दी कि यदि बाहर किसी से बताया तो जान से मार देगा। पति रंजीत ने पत्नी के साथ ऐसी बर्बरता कि की रूह कांप उठी। 4 सितंबर की सुबह भी रंजीत खंडे ने दोबारा पीटा दहेज की मांग पूरी न होने पर पति की दरिंदगी का शिकार हुई एक युवती का दर्दनाक मामला सामने आया है। आरोपी रंजीत खंडे ने अपनी पत्नी के साथ ऐसी बर्बरता की कि रूह कांप उठी। पीड़िता के पेट पर लात-घूंसे बरसाए गए और बेल्ट से बेरहमी से पिटाई की गई। युवती ने बताया कि पति आए दिन दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करता है और मारपीट करने से भी नहीं चूकता। भय का आलम यह है कि पीड़िता हमेशा सहमी रहती है। उसे हर पल यही डर सता रहा है कि कहीं पति फिर से आकर जानलेवा हमला न कर दे। लगातार प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता थाने पहुंची और लिखित आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई। मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2) और 351(3) 85 के तहत दर्ज किया गया है। कब तक एक अबला नारी दहेज के नाम पर प्रताड़ित होते रहेगी। अब यह देखना है कि इस पीड़ित युवती को कहां तक न्याय मिलती हैं और आरोपी पति कब तक कानून के हाथों से बचता फिरता रहेगा।

## अनमोल दावा

> बदलाव को अपनाओ, क्योंकि ठहरा हुआ पानी भी सड़ने लगता है।

## सम्पादकीय

### प्रधानमंत्री की 48000 करोड़ की दिवाली गिफ्ट : बाजार गुलजार होगा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जैसा कि उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले से कहा था कि दिवाली के पहले वे जनता को गिफ्ट देंगे। अब नरेन्द्र मोदी ने दिवाली पूर्व जीएसटी के दो टैक्स स्लैब रद्द करके और दो टैक्स स्लेव में अधिकांश चीज-वस्तुओं को शामिल करके देश के करोड़ों लोगों को राहत दी है। दूसरी ओर, जी.एस.टी. की दर में कमी करके ट्रम्प की टैरिफ वृद्धि का जवाब दिया है। जी.एस.टी. कम होने से हजारों वस्तुएं सस्ती होंगी। जिसके कारण, बाजार रौनक होगा। वस्तुओं की बिक्री बढ़ने से जी.एस.टी. की आय में वृद्धि होगी। देश में अमेरिका की टेरिफ से लोगों को राहत मिलेगी। केन्द्र की सरकार के द्वारा देशवासियों को 48,000 करोड़ की राहत दी गई है।

जी.एस.टी. कांउसिल के द्वारा 8 साल पुराने कानून में बहुत से परिवर्तन किए गए हैं। इसके कारण, देश के शेयर बाजार में और आर्थिक क्षेत्र में निश्चय ही लाभदायी परिवर्तन आएगा, ऐसा माना जाना चाहिए। सरकार ने जी.एस.टी. कम करके, उपभोक्ताओं का फायदा पहुंचाने का काम किया है। बाजार में वस्तुओं की खपत बढ़ेगी। आटो सेक्टर तथा एफएमसीजी क्षेत्र में ज्यादा मुनाफा होनें का अनुमान है। टू व्हीलर्स, छोटी कारों में टैक्स, स्लेब 28 प्रतिशत से 18 प्रतिशत किया है। एस.यू.वी. में टैक्स 50 प्रतिशत से कम 40 प्रतिशत हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी किसानों को फायदा होगा। इसके लिए कृषि मशीनरीज और ट्रेक्टर पर लगने वाले 12 प्रतिशत को कम करके 5 प्रतिशत किया गया है। खाद्य पदार्थों तथा एफ.एम.सी.जी. क्षेत्र की वस्तुएं सस्ती होने के कारण लोगों को फायदा होगा। उपयोगी वस्तुओं की खपत बढ़गी। गृहिणियों का बजट भीतर ही खर्च होनें से उन्हे भी राहत होगी। उद्योग जगत ने भी इस गिफ्ट का स्वागत किया है।

व्यक्तिगत श्रेणी में भी जीएसटी 18 प्रतिशत से कम करके 5 प्रतिशत किया गया है। जिसके, कारण ब्रिटेनिया, कोलगेट, हिन्दुस्तान लिवर, नेस्ले, मेरिको, डाबर तथा पंतजलि संबंधित कम्पनियों को फायदा पहुंचेगा। इसमें जीएसटी घटने से इन वस्तुओं की मांग बढ़ेगी। फलस्वरूप आगामी 6 माहों के भीतर जीडीपी में 100, 120 प्रतिशत बेसिस पाइंट वृद्धि होगी। भविष्य में कालान्तर में सरकार की आय में बढ़ौतरी होगी। अर्थ विशेषज्ञों की अनुसार इकानामी को बुस्टर डोज मिलेगा। जिसके कारण, ट्रम्प टेरिफ का भारत में असर कम होगा। खाने-पीने एवं किराने की वस्तुओं में जीएसटी घटने से होटल-रेस्टारेंट एवं प्राविजन व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा। चिकित्सा व स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित उपकरणों का भी जीएसटी कम होने से इलाज सस्ता होगा। सरकार का यह गिफ्ट कितना फायदेमंद होगा, यह समय बतायेगा।

सरकार ने भी अपने उक्त निर्णय लेने के उपरांत यह तय किया है कि जी.एस.टी. कम होने का फायदा लोगों को मिल रहा है कि नहीं इस पर वह नजर रखेगी। निरीक्षण दृष्टि भी जरूरी है।

उधर, कांग्रेस ने जीएसटी परिषद की स्वायत्तता के सामने सवाल किए हैं। भूतपूर्व वित्तमंत्री पी. चिदबरम ने कहा है कि, केन्द्र सरकार ने स्वयं गलत मार्ग पर चलकर जीएसटी को समस्याग्रस्त बनाया। यह बात समझने में उन्हें 8 साल लग गए। उसके बाद ही अब यू-टर्न लेकर जीएसटी में सुधार किया है। कांग्रेस के महामंत्री जयराम रमेश ने भी कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि यह जीएसटी 1.5 है, सच्चा जीएसटी 2.0 का अभी इंतजार है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 2017 में जो कहा था, उस पर सरकार अब अमल कर रही है। विपक्ष अपना धर्म निभा रहा है। किन्तु, रोटी, कपड़ा, मकान सस्ते होंगे, यह तय है।

## विचार सरिता

# लघु उपन्यास यशस्विनीः अध्याय 16ः हर अन्याय का कर प्रतिरोध, अबला नहीं तू सबला है



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

अपने संदेश में यशस्विनी ने साधकों से कहा कि वे केवल योग साधक नहीं हैं। आवश्यकता होने पर उन्हें समाज की सेवा के लिए सार्वजनिक सेवा और सार्वजनिक क्षेत्र में भी उतरना होगा और लोगों की सहायता भी करनी होगी। योग, प्राणायाम, ध्यान ये सब केवल वैयक्तिक साधना तक ही सीमित नहीं होने चाहिए। इनका सही उपयोग जनता जनार्दन की सेवा में ही होना चाहिए।

अपने उद्बोधन में रोहित ने साधकों से कहा कि लोग प्राचीन भारतीय विज्ञान की शिक्षा पाने वालों को ज्ञान विज्ञान में प्रायः पिछड़ा समझ लेते हैं। आप साधकों को इस धारणा को तोड़ना होगा और तकनीक के इस्तेमाल में भी हाईटेक होना होगा। लेकिन हां, हम अपनी जड़े न भूलें। हम आत्ममुग्ध न रहें इसलिए पश्चिम की अच्छी चीजों को ग्रहण करें लेकिन हमारी भारतीय सभ्यता की गहरे तक जमी जड़ों को काटने की कोशिश न करें क्योंकि हम, हमारी पहचान, हमारी जड़ें इसी मिट्टी में हैं.... सभी साधकों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भी दिया गया। सब ने यह संकल्प लिया कि योग साधक के रूप में वे समाज और राष्ट्र की सेवा करते रहेंगे और आवश्यकता होने पर श्री कृष्ण प्रेमालय के सार्थक कार्यक्रमों में योगदान भी करेंगे।...या तो यहां आकर या अपनी जगह में रहते हुए..

देखते ही देखते 50 साधकों से भरा पूरा पंडाल खाली हो गया। थोड़ी देर के लिए यशस्विनी और रोहित भी भावुक हो गए. लेकिन अगले ही पल वे सचेत हो गए कि आगे भी अनेक बैचे? आएंगे और हमारा उद्देश्य भारत के हर गांव और हर घर तक योग की अलख को जगाना है. बिना किसी स्वार्थ के..।

यह संयोग था कि योग सत्र की शुरुआत वाले दिन से ही मीरा के कॉलेज की छुट्टियां थीं। उसने मेडिकल स्टोर से भी छुट्टी ले ली थी। अब योग शिविर समाप्ति के अगले ही दिन से उसे अपने कॉलेज में पढ़ाई के लिए वापस लौटना था और साथ ही मेडिकल स्टोर के पार्ट टाइम जॉब को भी फिर शुरू करना था। घर पहुंचते ही उसने यशस्विनी द्वारा भेजी गई सहायिका को विशेष धन्यवाद दिया। माता-पिता को देखकर उसकी आंखों में आंसू आ गए लेकिन वे जानते थे कि बेटी एक बड़े उद्देश्य को लेकर देश के सर्वश्रेष्ठ योग प्रशिक्षक से योग सीखने के लिए गई है और इसमें न सिर्फ उसका, बल्कि उसके पूरे परिवार का कल्याण है। बेटी से लिपटकर मां-बाप भी फूट-फूट कर रोने लगे।

अगले दिन मेडिकल स्टोर से घर लौटते समय किसी कारणवश गार्ड भैया उसके साथ नहीं आ पाया और मीरा को लाइन ऑटो पकड़ कर अपने मोहल्ले लौटना पड़ा। वैसे अगर गार्ड व्यस्त न होते, तब भी वह उन्हें मना कर देती क्योंकि योग प्रशिक्षण और मार्शल आर्ट सीखने के बाद उसके आत्मविश्वास में अत्यंत वृद्धि हुई थी। गांधी चौराहे पर मीरा के मोहल्ले की ऑटो रिक्शा स्टॉपेज है और यहां से उसे पैदल ही घर जाना होता है। बीच में एक मैदान है, जहाँ दिनभर तो चहल पहल रहती है लेकिन रात में 9:00 के बाद वहां खामोशी छा जाती है। कुछ झाड़ीयां और झुरमुट भी हैं। यहां अंधेरे और सुनसान का लाभ उठाकर एक दो अवांछित लोग भी कभी-कभी खड़े दिखाई देते हैं।मीरा को आज भी मैदान के दूसरे छोर पर एक-दो ऐसे ही लोग दिखाई पड़े। किसी टकराव और असहज स्थिति से बचने के लिए मीरा तेजी से कदम बढ़ाती हुई इस मैदान के कोने से होकर अपने मोहल्ले की पहली गली की ओर लपकी।

उसने पीछे मुड़कर देखा कोई नहीं आ रहा था तो उसकी चाल थोड़ी धीमी हो गई, लेकिन 10 सेकेंड के अंदर उसने अपने पीछे किसी की उपस्थिति का अनुभव किया। वह तुरंत झुक गई। दो लड़के उसके पीछे थे और उन्होंने एक डंडे से उसके सिर पर प्रहार करने की कोशिश की।मीरा साफ बच गई। इस प्रयास में वो जमीन पर गिर पड़ी और दोनों उस पर टूट पड़े। अचानक हुए हमले से मीरा संभल नहीं पाई। मीरा को जबरदस्ती उठाकर वे दोनों झाड़ीयों की ओर ले गए। झाड़ीयों के पीछे पहुंचते-पहुंचते मीरा उनकी पकड़ से छूट गई और उछलकर खड़ी हो गई। एक के हाथ में डंडा था और दूसरे के हाथ में लंबा चाकू। दोनों मीरा की ओर बढ़े....

योग शिविर समाप्ति के 3 दिनों बाद यशस्विनी ने अखबार में एक लड़की का साहसिक कारनामा पड़ा।... पार्ट टाइम जॉब से घर लौटते समय एक कॉलेज छात्रा का अपहरण कर एक सूने मैदान में ले जाने वाले दोनों अपहरणकर्ताओं द्वारा अनाचार की कोशिश को उस साहसी लड़की ने विफल कर दिया। मार्शल आर्ट प्रशिक्षित उस लड़की द्वारा शरीर के अज्ञात स्थलों पर प्रहार से वे दोनों लफंगे बुरी तरह घायल हो गए हैं। अभी तक वे दोनों अस्पताल में बेसुध पड़े हैं..

समाचार पढ़कर यशस्विनी मुस्कुरा उठी। उसने स्थान आदि का विवरण पढ़कर अनुमान लगा लिया कि वह साहसी लड़की मीरा ही है। उसके होठों से अनायास निकलाः- वेल्डन मीरा... आई एम प्राउड ऑफ यू।''

यशस्विनी के कार्यों में से एक काउंसलिंग भी है। विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं या अन्य परीक्षा की तैयारियों के दौरान मानसिक रूप से किसी उलझन या कठिनाई का सामना करने वालों के लिए शनिवार की शाम को दो घंटे के परामर्श सत्र का आयोजन किया जाता है। आज के परामर्श सत्र में मीरा को देखकर यशस्विनी प्रसन्न हो गई। उसने मीरा को गले लगा लिया।

''बधाई हो मीरा तूने बहुत बड़ा काम किया है। मुझे तुम पर गर्व है।''

''धन्यवाद दीदी, यह आप ही के प्रशिक्षण और आप ही की प्रेरणा का कमाल था।''

''इसमें मेरा कुछ नहीं है यह तो संकल्प शक्ति का चमत्कार है। क्या नहीं है तुम्हारे शरीर और तुम्हारे मन के संकल्प के भीतर.. बस इच्छा कर लो और प्राण प्रण से उसे पूरा करने में जुट जाओ तो दुनिया की कोई ताकत तुम्हें अपनी मंजिल को प्राप्त करने से नहीं रोक सकती है। यही हाल आत्मरक्षा का भी है।'' यशस्विनी ने कहा।

''आपकी बात सही है दीदी, लेकिन मैं कुछ प्रश्नों को लेकर आई हूं। मैं जानती हूं कि इनका समाधान बस आपके हाथ में है।''

''अच्छा पूछ मीरा, क्या जानना चाहती हो? मैं कोशिश करूंगी तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर देने की।''

अपनी कुर्सी पर बैठी यशस्विनी मीरा की बातें ध्यान से सुनती रही और उसके प्रश्नों का उत्तर देती रही। मनकी इस बीच कॉफी का कप लेकर आई। दोनों की बातचीत जारी रही।

''दीदी, मैं उसी दिन की घटना से अपनी बात शुरू करना चाहती हूं। वे बदमाश छोटे हथियार से लैस थे, इसलिए मैंने उनका सामना किया और उन्हें ठिकाने लगा दिया, पर क्या मार्शल आर्ट हर स्थिति में हमारी रक्षा कर सकता है? योग और प्राणायाम क्या किसी बड़े संगठित हमले के समय भी काम आएंगे?''

(क्रमशः)

# शिक्षक राष्ट्र निर्माता एवं वसुदैव कुटुंबकम का ज्ञान करता है

**लेखराम वर्मा**



शिक्षक राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं वे समाज की बुनियादी इकाई को सशक्त बनाते हुए विद्यार्थियों के चरित्र; नैतिकता और राष्ट्रीय भावना को विकसित करते हैं। यदि शिक्षक जन समुदायों का प्रेरणा स्रोत बन जाए तो किसी भी समस्या का हल किया जा सकता है। विगत बयों से हमारे कर्णधारों ने देश को विकसित राष्ट्र देशों की सूची में ला खड़ा करने की बात लगातार कर रही है। बीते लगभग एक दशक से हासिल हो रही , अच्छी विकास दर को इसी आशयका संकेत कहकर प्रचारितभी किया जा रहा है। जिसका लक्ष्य 2047 तक है। लेकिन वास्तविक स्थिति क्या है? एक तरफा था तथा असंतुलित विकास के कारण आम लोगों को इस तथा कचित युद्ध स्तर पर हो रहे हैं। विकास में भागीदारी मिल रही है।

भारती दंड विधान के रचयिता मैकाले ने 1835 में इंग्लैंड की संसद में कहा था कि मैं भारत का भ्रमण किया है। मुझे पूरे देश में समृद्धि दिखाई दी है कोई भिखारी नहीं दिखाई दिया यदि भारत को तबाह करना है तो उसकी समझ की जड़ों अर्थात भारत की शिक्षा व्यवस्था की तबाह करना होगा। मैकाले की तीक्ष्ण बुद्धि भारतीय न्यायालयों में कुर्राती रहती है। आतंकवाद और नक्सलवाद खत्म करने की आड़ में इतने कहें गैर लोकतांत्रिक और असंवैधानिक कानून बना रखे हैं जो हिंसक अपराधियों को तो पकड़ नहीं पाते लेकिन दर्जी, डॉक्टर, वकील, शिक्षक तथा छात्रों की गर्दन नापने के काम में मुस्तैद है। अंग्रेज मर गए औलाद छोड़ गए। अंग्रेज मर गए का आशय भारत छोड़कर बले गए और औलाद छोड़ गए का आशय अपने कानूनों, परंपराओं, प्रशासन, और शिक्षा के उसे कूड़ा घर से है जो भारतीय जीवन में सड़ांधकी आधुनिक फैक्ट्री है। भारत में ब्रिटिश संसद की नकल की गई।

आज जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन की आवश्यकता है विद्यार्थी ही राष्ट्र के कर्णधार भावी नागरिक होता है। भविष्य की आशाएं है। राष्ट्र की तैया खोने वाला नाविक है। और वे दिशा हीन होते जा रहे हैं। वह देश जो गुरु का अवमूल्यन करता है, जीने का हकदार नहीं होता। शिक्षा हमारे राष्ट्रीय जीवन की वह शिरा है जिसने शिक्षक की अस्मिता और चरित्र का खून सदैव बढ़ते रहना चाहिए।

सृजनात्मक कार्य हमारे बौद्धिक दक्षता को पुख्ता बनता है। और संवेदनशीलता को परिष्कृत करता है। साथ ही वह ज्ञान-विज्ञान को भी समृद्धि करता है। समाज में शिक्षकों का स्थान काफी सम्मानजनक होता है। जिन्हें बच्चों से लेकर बूढों तक नमन करके अपने को धन्य समझते हैं। विचार संसार की सबसे महान शक्ति है। विचारों से जीवन की धारा बदली जा सकती है। संसार को बदला जा सकता है। विचारों की इसी शक्ति को एकाग्र करके जीवन की समस्त बधाओं और मुश्किलातों को दूर करके वांछित सफलता प्राप्त की जा सकती है।

हमारे विचार व्यक्तित्व के साथ-साथ भविष्य का भी निर्माण करते हैं। लेकिन जब तक हम अपने विचारों की ताकत नहीं पहचानेंगे उन्हें कैसे अपने जीवन में डालेंगे। इसीलिए विचारों को सकारात्मक परिणाम में बदलने के लिए उन्हें कार्य रूप देना जरूरी है। जिन्हें शिक्षक राष्ट्रीय एवं समाज का सर्वांगीण विकास में सहयोग करके करते हैं।

शिक्षक हमारे देश के भविष्य निर्माता है। शिक्षक एक ऐसा व्यक्ति है जो आने वाला पीढ़ी के सशक्त हस्ताक्षर है। राष्ट्र निर्माण में नैतिक नेतृत्व की भूमिका नागरिकों में विश्वास अखंडता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है। जिससे एक मजबूत और न्याय पूर्ण समाज का निर्माण होता है। शिक्षक को निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जुनून और उत्साह एवं हमारे युवा पीढीं के जीवन और मन को आकार देकर हमारे राष्ट के लिए योगदान दे सकते हैं, जिससे विश्व की एकता अखंडता एवं वसुदेव कुटुंबकम को शिरोधार्य कर अपने कर्तव्य से अडिग हैं। ऐसे में मेरे लिए एक शिक्षक कहलाना सम्मान का पद है। शिक्षा का उद्देश्य कौशल और विशेषज्ञता के साथ अच्छे इंसान बनाना है, एक प्रबुद्ध ईसान शिक्षको द्वारा बनाया जा सकते हैं। शिक्षक को केवल ज्ञान पर नहीं बल्कि छात्रों के चरित्र निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। ए.पी.जे. अब्दुल कलाम डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत की प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति रहे। एक प्रख्यात शिक्षाविद्, दार्शनिक और राजनेता थे जिनके दर्शन और भारतीय संस्कृति के योगदान के कारण सर्वोच्च सम्मान 1954 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। जिसे 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज शिक्षक कार्य स्थल के साथ-साथ सरकार के विभिन्न योजनाओं को भी धरातल में समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। शिक्षक दार्शनिक उच्च शिक्षा में योगदान के साथ-साथ वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को छात्रों को वैश्विक नागरिकता की भावना भरकर विभिन्न संस्कृतियों को समझने और स्वीकार करने के लिए प्रेरित कर संविधान के प्रति जिम्मेदारी

एवं करुणा सीखाकर निभाते हैं। छात्रों को समग्र मानवीय विकास एवं दुनिया में शांति स्थापित करने में महत्व को समझाते हैं।

वसुदेव कुटुंबकम का शाब्दिक अर्थ है संपूर्ण विश्व एक परिवार है। सिद्धांत प्राचीन भारतीय दर्शन का अभिन्न हिस्सा है।

## शब्द सामर्थ्य -162

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. डर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 161 का हल



## सामयिक कहानी

### सत्कर्म कीजिए और 'ध्यान' पर ध्यान दीजिए!

बानी गजाधर के साथ
गणेशजी की एक से एक मनमोहक
विसर्जन झाँकियाँ देखने निकले।
सड़क पर ऐसी भयानक भीड़ थी
कि बानी बाबू घबरा गये!
उन्होंने चट गजाधर के हाथ पकड़े ।
भारत माता चौक पर इस कदर धक्का मुक्की हुई
कि गजाधर से छूट गया बानी का हाथ।
और बानी धक्का खाते-खाते
जा पहुँचे एक भव्य झाँकी के पास।
सामने दो झाँकियां अड़ी थी
इसलिए यह झाँकी राह देखते खड़ी थी।
बानी को अच्छा मौका मिल गया।
उनका चेहरा प्रसन्नता से खिल गया।
बुद्धि विधाता के पास आकर
भक्तिभाव से प्रार्थना की हाथ जोड़कर -
'हे विघ्नहर्ता ! हम पर कृपा कीजिए!
जाते-जाते हमारे जीवन को, सुख से भर दीजिए!''
मंगल मूर्ति मंद-मंद मुस्कराए,
बानी को और करीब बुलाए बोले -
''हे वत्स ! तुम लोग सदा शरीर का ध्यान रखते है।
उसी के सुख के लिए दिन-रात जुटे रहते हो।
तुम लोगों ने इसीलिए हमेशा
भौतिकता के चमक-दमक की चाह की है,
पर जो सबसे महत्वपूर्ण है आत्म,
इस आत्मा की कभी कहाँ परवाह की है,
देखो, ध्यान रखो- शरीर का संबंध भौतिकता से है,
जबकि आत्मा का संबंध परमात्मा से है।
तो अब तुम स्वयं चिन्तन करो
तुम्हें शारीरिक सुख चाहिए या आत्मिक आनंद।
हाँ! सुख के बाद, दुःख आएगा ही,
जबकि आनन्द के पश्चात है परमानन्द।
तो हे वत्स बानी! परमानंद की
प्राप्ति के लिए,
सदा सर्वदा सत्कर्म कीजिए
और 'ध्यान' पर ध्यान दीजिए।



गिरीश बख्शी

## कविता


### गिनती अऊ बिनती

एक दु तीन चार,
गनेश जी की जय जय कार।।
पांच, छै, सात, आठ,
बच्चों करो पूजा पाठ।।
नौ, दस, ग्यारा, बारा,
गनेश देव सबले न्यारा।।
तेरह, चौऊदा, पन्दरा सोला,
माता पारबती पित भोला।।
सतरा, अठ्ठारा, वोन्नीस बीस,
पप्पु, चम्पु पढ़े ल सीख।।
एक्कीस, बाईस, तेईस चौबिस,
देबे गजानन हमला आशिष।।
पच्चीस, छब्बीस, सत्ताईस आया।
तीन लोक में पहिली पुजाया।।
अठ्ठाईस, उन्नीतीस, तीस की गिनती,
हाथ जोड़कर प्रभु करू बिनती।।
एकतीस, बत्तीस, तैतीस, चौतिस,
बस्तर धर के पढ़य गिस।।
पैतिस, छत्तीस, सड़ैतीस आडैतिस,
गनेश के मुसवा पल्ला दौड़तिस।।
वोन्चालिस, चालीस, एकचालिस बियालिस,
उखड़े सड़क जब होतिस पालिस।।



आनंदराम सार्वा
(अनंत)
कु.बो.भाठागांव


## राशिफल



**मेष** — आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको व्यापारिक लाभ कमाने का बेहतरीन अवसर प्राप्त होगा,आपकी आय के नए स्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज ऑफिस में थोड़ा ज्यादा काम रहेगा , जिसकी वजह से आपको शारीरिक थकान हो सकती हैं। आज आर्थिक मामलो में माता-पिता का सहयोग मिलता रहेगा। जिससे आपके काम चलते रहेंगे।



**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्ग ठाक रहने वाला है। आज आप कारोबार से जुड़े मामलों पर ध्यान देंगे और उसे आगे बढ़ाने में किसी की मदद लेंगे। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज छात्र शिक्षक से किसी विषय को अधिक समझने के लिए एक्स्ट्रा क्लासेस ले सकते हैं। आज आप किसी धार्मिक आयोजन में शामिल होंगे।



**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, जिसमें कलीग का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। आज आप कंस्ट्रक्शन से जुड़े कार्यो में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह ले सकते हैं, जिससे आपका काम अच्छा और आसानी से हो जायेगा। आज आपको किसी परिजन की तरफ से खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।



**कर्क** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको रोजगार के तमाम बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे और आपकी आय के नए स्रोत भी बनेंगे, जिससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपके मन में बिजनेस को लेकर नए और इफेक्टिव आडियाज आएंगे। आज आपका मन रचनात्मक चीजों को करने में लगेगा, जिससे आपका मूड अच्छा रहेगा।




**सिंह** — आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज आप अपने सहकर्मियों के साथ मित्रवत व्यवहार करें, तो आने वाले समय में वो आपका अच्छा लाभ करायेंगे। यदि आप अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो धीरे ङ्गधीरे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं आपको काम में सफलता मिलने के अच्छे योग बनते दिख रहे हैं।




**कन्या** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप पेंडिंग कार्यों को निपटाने के लिए किसी करीबी की मदद ले सकतें हैं। आज आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जाने के प्लानिंग कर सकते हैं। आज आप पैतृक सम्पत्ति को लेकर अपने कजिन से बात कर सकते हैं, जिसमें वो आपको अच्छी सलाह देंगे। आज आपकी रुचि साहित्य को पढ़ने और लिखने में रहेगी।




**तुला** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप अपने कारोबार में डबल मुनाफा कमायेंगे और परिवार की जरूरतों को पूरा करने में सफल बनेंगे। आज आपको बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपके काम में उन्नति होगी और आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आपके घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना बन रही है, आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा।




**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आप अपने बिजनेस में कुछ बदलाव कर सकते हैं, जिसका जल्द ही आपको पॉजिटिव रिस्पांस मिलेगा। आज आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आज आपको किसी समस्या से छुटकारा मिलेगा , जिससे आपके दिल का बोझ कम होगा। आज परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा।




**धनु** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप व्यापारिक लाभ कमाने के साथ ङ्ग साथ अपने खर्चों के ऊपर भी ध्यान दें। आज आप कोई भी निर्णय लेने से पहले उस पर सोच ङ्ग विचार करें और घर के बडों से भी सलाह ङ्ग मशवरा कर सकते हैं । इस राशी के राजनीतिक क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा।



**मकर** — आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्ग ठाक रहने वाला है। आज आपकी योजनाओं को सही दिशा मिलेगी, जिससे वो अपने उद्देश्य की तरफ आगे बढेंगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी, जो काम में आपकी मदद करेंगे। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही रुकावटों से छुटकारा मिलेगा, जिससे आपको खुशी होगी।



**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप व्यावसायिक रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए कुछ अहम फैसले करेंगे, जिससे आपका बिजनेस अच्छा चल सके। आज आप इन्वेस्टमेंट के मामलों में किसी आर्थिक सलाहकार की मदद ले सकते हैं। इस राशि के छात्र आज प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे जिसमें स्कूल प्रशासन आपकी पूरी हेल्प करेगा।



**मीन** — आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज ऑफिस में बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे और जूनियर भी आपसे कुछ सीखने का प्रयास करेंगे। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। आज आपका मन आध्यात्म की तरफ थोड़ा ज्यादा रहेगा, जिससे आपका मन शांत होगा।

# मुस्लिम जमात ने हर्षोल्लासपूर्वक मनाया शांति के मसीहा पैगंबर साहब का जन्मदिन

**0 पैगंबर की याद में नगर में निकला जुलूस**
**0 देशभक्ति गीतों और मजहबी नात ने समां बांधा, हिंदू-मुस्लिम एकता की दिखी खूबसूरत मिसाल**



खैरागढ़ (दावा)। मुस्लिम समाज ने अल्लाह के प्यारे रसूल, इस्लाम धर्म के प्रवर्तक व शांति के मसीहा पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम साहब का पाक 1500वां जन्मदिन शुक्रवार 5 सितंबर को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के रूप में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया। खास बात ये है कि इस वर्ष मुस्लिम समाज द्वारा पैगंबर साहब का यादगार 1500वां जन्मदिन बहुत ही जोशो जश्न के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम सुबह 4 बजे मान्यता अनुसार पैगंबर साहब की पैदाइश के वक्त सलातो सलाम व नात पढ़ी गई और फिर 5:30 बजे सुबह फजर की नमाज के बाद कुरानखानी की गई, तत्पश्चात सुबह 9 बजे परंपरानुसार मस्जिद चौक से हॉस्पिटल चौक, विश्वविद्यालय मार्ग, अम्बेडकर चौक, नया बस स्टैंड, जय स्तंभ चौक, तुरकारी पारा, ईतवारी बाजार, बक्शी मार्ग व गोलबाजार होते हुये जश्ने जुलूस पुनः मस्जिद चौक पहुंचा। जहां जामा मस्जिद के पेश ईमाम हाफिज फखरुद्दीन मिस्बाही ने परचम कुसाई की रस्म (झण्डा रोहन) अदा की और फातिहा पढ़ी गई,वहीं मुस्लिम भाईयों को हर बुरे कामों से दूर रहकर पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के बताये मानवता की राह पर चलने की नसीहत दी गई, साथ ही केसीजी जिले सहित प्रदेश व पूरे वतन में अमनो चैन व खुशहाली के लिये दुआ मांगी गई।

ज्ञात हो कि जब दुनिया में बुराईयों का अत्यधिक बोल-बाला था और लोगों के साथ भेदभाव की प्रवृत्ति बढ़ते जा रही थी। वहीं लड़कियों को अभिशाप समझकर मार दिया जाता था। ऐसे बुरे दौर में अल्लाह ने अपने प्यारे रसूल पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब को दुनिया में अमन चैन कायम करने के लिये भेजा। पैगम्बर साहब ने कहा था, कि अगर आपके पास बेशुमार दौलत है और फिर भी आपका पड़ोसी तकलीफ में या कई वक्त भूखे रहकर जीवन व्यतीत कर रहा है, तो सबसे पहले आप अपने पड़ोसी की मदद करो चाहे वो किसी भी धर्म का हो, वरना आपकी दौलत किसी काम की नहीं है। जुलूस में जमात के लोगों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर स्टॉल लगाकर फल, बिस्किट, शरबत, आइसक्रीम, जूस व नाश्ते का प्रबंध किया गया। वही नगर के गोलबाजार निवासी रमेश शर्मा व पूर्व पार्षद संजय शर्मा गुड्डू ने हिन्दू मुस्लिम एकता का खूबसूरत परिचय देते हुये जुलूस में मौजूद सभी मुसलमान भाइयों को पानी पिलाया।

जुलूस में बेमेतरा से आये गायकों ने देशभक्ति से ओत प्रोत खूबसूरत गीत के साथ ही मजहबी नात की भी शानदार प्रस्तुति दी जिसे पूरे नगर वासियों द्वारा खूब सराहा गया। पूरे आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने में केसीजी पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा के निर्देश पर थाना प्रभारी अनिल शर्मा व यातायात प्रभारी शक्ति सिंह सहित पुलिस विभाग का सराहनीय योगदान रहा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से हाफिज मोहिब्बुल हक, हाफिज जियाउल हक, हाफिज शराफ़त हुसैन, नपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व सदर अब्दुल रज्जाक खान, जामा मस्जिद के सदर अरशद हुसैन डब्बू, नायब सदर जफर हुसैन खान, खजांची मो. इदरीस खान, इकरा फाउंडेशन के अध्यक्ष खलील कुरैशी, हाजी नासिर मेमन, हाजी तनवीर मेमन, हाजी ईमरान मेमन, हाजी मोहसिन अली, हाजी जाहिद अली, हाजी मुर्तजा, जिला मुस्लिम समाज के सचिव मो.याहिया नियाजी, कय्यूम कुरैशी, मो. सगीर खान, जमीर कुरैशी, फारूख मेमन, कदीर कुरैशी, सगीर कुरैशी, शमसुल होदा खान, जफर उल्लाह खान, अय्यूब सोलंकी, जमीर खान, याकूब खान, जुनैद खान, समीर कुरैशी, उबैद खान, मतीन अशरफ, कलीम अशरफी, सादिक मेमन, याकूब सोलंकी, शौकत अली, नदीम मेमन, रफीक सरधारिया, हबीब असरफी, सलाम खान, नाजीम खान, इरफान वारसी, नसीम कादरी, वसीम कादरी, ईनायत रसूल, सोहेल खान, जमील मेमन, अरमानुल हक, राजा सोलंकी, सुलेमान खान, रहमान खान, साबिर सरधारिया, युनुस सोलंकी, रफीक सोलंकी, इरफान मेमन, शादाब खान, सोहेल अशरफ, वसीम खान, वसीम मेमन, तारिक अमान, अजीम मेमन व आदिल अमान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम जमात के सदस्य एवं खैरागढ़ थाना प्रभारी अनिल शर्मा, यातायात प्रभारी शक्ति सिंह, एसआई सौरभ बनाफर सिंह, पुरुषोत्तम निर्मलकर व जीएल साहू सहित पुलिस विभाग के जवान मौजूद थे।

# विधायक भोलाराम साहू ने राणामटिया में शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया





जोंधरा (दावा)। 4 सितंबर को खुज्जी विधानसभा के विधायक श्री भोलाराम साहू ने ग्राम पंचायत राणामटिया, विकासखंड छुरिया में एक कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम सामुदायिक भवन के पास शेड निर्माण कार्य के भूमिपूजन के लिए आयोजित किया गया था। अपने संबोधन में विधायक साहू ने इस विकास कार्य के लिए ग्रामवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह शेड ग्रामीणों को विभिन्न आयोजनों में सुविधा प्रदान करेगा। इसके साथ ही उन्होंने स्वागत करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा के अध्यक्ष अब्दुल खान, राणामटिया के सरपंच गोपीराम आर्य, और अन्य गणमान्य व्यक्ति जैसे रामजी छुरिया, कृष्णा राम साहू, शोभाराम नायक, राधेलाल नायक, नीलकंठ साहू, नीलकंड नायक, पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## पहला कॉलम...

# पुरेना के बच्चों ने धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस



खैरागढ़ (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला पुरेना, संकुल केंद्र घिरघोली, विकासखंड छुईखदान में बच्चों ने शिक्षक दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया।कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र की पूजा-अर्चना की। इसके बाद विद्यालय के प्रधान पाठक तुलेश्वर कुमार सेन ने बच्चों को संबोधित करते हुए डॉ. राधाकृष्णन के जीवन और कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि कैसे एक सामान्य व्यक्ति अपनी शिक्षा के दम पर देश के सर्वोच्च पद तक पहुँच सकता है। बच्चों की रुचि बनाए रखने के लिए प्रधान पाठक ने बीच-बीच में उनसे सवाल-जवाब भी किए। इस अवसर पर, बच्चों ने अपने शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। कुछ बच्चों ने अपने हाथों से बनाए गए ग्रीटिंग कार्ड दिए, जबकि कुछ ने गुलदस्ता, चॉकलेट और बिस्कुट से बना केक भेंट किया। बच्चों ने पूरी कक्षा को गुब्बारों और फूलों से सजाया था। जिससे पूरा माहौल उत्सवपूर्ण हो गया था। अंत में प्रधान पाठक तुलेश्वर कुमार सेन ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें रोज पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अगर वे अपने माता-पिता और शिक्षकों की बातों को ध्यान से सुनेंगे और उनका पालन करेंगे, तो वे भी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तरह महान बन सकते हैं।

# खेल से युवाओं में टीमवर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ता है- देवेन्द्र साहू



डोंगरगढ़ (दावा)। वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत बागरेकसा में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में देवेन्द्र साहु (अध्यक्ष नगर पंचायत एल बी नगर) एवं मनोज कांडे (मंडल अध्यक्ष भाजपा एल बी नगर), कार्यक्रम की अध्यक्षता रामाधार ओझा (ब्लाक अध्यक्ष कबड्डी संघ डोंगरगढ़), विशिष्ट अतिथि हेमलाल वर्मा (मंडल महामंत्री भाजपा), ढालचंद मेश्राम (पूर्व सरपंच बागरेकसा), पवन कुमार नंदेश्वर (सरपंच बागरेकसा),शत्रुहन उइके (सरपंच पीटेपानी), सुनील दुधनांग (सरपंच कारूटोला), गुरूदयाल चंद्रवंशी, दुर्गेश सेन सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी, क्षेत्र के खिलाड़ी एंव ग्रामीणजन भारी संख्या में उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन समिति को ऐसे प्रेरणादायक खेल कराने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। साथ ही कार्यक्रम में आमंत्रित करने एवं सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त किया। अतिथियों ने आयोजन समिति को भविष्य में भी ऐसे आयोजन कराते रहने का आग्रह किया। इस ऑफर पर नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने कहा कि खेल से युवाओं में टीमवर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ता है।

# ग्राम पंचायत मुसराकला में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

डोंगरगढ़/मुसरा (दावा)।रजत जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत मूसरा कला में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुन्हेंलाल लिल्हारे शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला मुसरा कला के प्रधान पाठक को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित होने पर ग्राम पंचायत मूसरा कला की ओर से मुन्हेंलाल लिल्हारे का सम्मान किया गया एवं अन्य शिक्षकों का सम्मान किया गया।इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती सीमा साहू सरपंच श्रीमती गायत्री टेंभुरकर एवं व्यापार संघ के अध्यक्ष बजरंग साहू एवं ओमकार लिल्हारे शंकर साहू ग्राम पंचायत के सचिव मोहित कुमार साहू पूर्व सरपंच कवल निर्मलकर एवं प्रतिनिधि शिव कुमार टेम्भरकर सहित समस्त ग्रामवासी व शिक्षकगण पंचगण एवं उपस्थित थे।

# अज्ञात चोरों ने नगर की दो किराना दुकानो में सेंध लगाई

डोंगरगढ़ (दावा)।3 व 4 सितंबर की दरमियानी रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा नगर की दो किराना दुकानों को निशाना बनाते हुए रेलवे चौक की न्यू पटियाला किराना दुकान और खंडूपारा के चोपड़ा किराना दुकान का शटर का ताला तोड़ सेंध लगा चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। जिससे पुलिस की पेट्रोलिंग गश्त पार्टी पर सवाल खड़े होने लगे हैं। सूत्रों प्राप्त जानकारी में बताया गया कि रेलवे चौक स्थित न्यू पटियाला गुप्ता आटा चक्की के बाजू की दुकान में अज्ञात चोरों के द्वारा काजू, किशमिश, बादाम, शैंपू, तोश बिस्किट सहित अन्य महंगी सामग्रियों के साथ साथ गल्ले में पड़े 6 हजार के चिल्हर की चोरी कर ली गई है। वहीं दुकान संचालक चिंटु पटियाला ने बताया कि चोर अपने साथ लगभग 30 हजार की सामग्री सहित दोनों ताला भी ले गए हैं।

# किशोर शर्मा को मिला राज्य का सर्वोच्च शिक्षक सम्मान, राजभवन में राज्यपाल रमेन डेका के हाथो हुए सम्मानित



खैरागढ़ (दावा)। राजभवन सचिवालय में महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के कर कमलों द्वारा व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, शिक्षा सचिव सिध्दार्थ कोमल परदेशी, लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के संचालकगण व अधिकारी, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर के संचालक आईएएस ऋतु राज रघुवंशी के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित राज्य स्तर के अधिकारी व सांसद और विधायक की गरिमामयी उपस्थिति में राज्य का सर्वोच्च राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार का आयोजन शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार 5 सितम्बर को राजभवन रायपुर में किया गया। इस पुरस्कार के प्राप्तकर्ता खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से किशोर शर्मा प्रधान पाठक माध्यमिक शाला बैहाटोला और राजेश प्रजापति प्राथमिक शाला प्रधान पाठक मरत कठेरा का चयन हुआ है। जिन्हें राज्यपाल द्वारा मोमेन्टो, श्रीफल और शाल देकर उनके शिक्षकीय जीवन मे बच्चों और शाला के अभूतपूर्व उत्थान में किये गए उपलब्धियों के स्वरूप प्रदान किया गया है। मंचीय उद्बोधन से राज्यपाल पुरस्कृत किशोर शर्मा के शिक्षकीय जीवनवृत के बारे में बताया कि यह पुरस्कार शाला और बच्चों के प्रति समर्पण और बदलाव सहित अनेक नवाचार, नईशिक्षा 2020 के अनुरूप शिक्षा प्रणाली को आत्मसात कर उनको अपने शाला में लागू कर शिक्षा को खेल, कला और अन्य गतिविधियों कराकर आनंददायक शिक्षा प्रदान करने पर प्राप्त हुआ है। उन्होंने अनेक नवाचार शाला में किये। जिसमें तोला-मोला, चित्र विधि, प्रशोत्तर विधि सहित कला के माध्यम से शैक्षिक विकास आदि किये है। ज्ञात हो कि इनके नवाचार कार्यो से ही छत्तीसगढ़ के शालाओं में बेगलेस की शुरूआत हुई है। इनके शाला के बच्चे लगातार राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल होते आ रहे है। जिसमें बच्चों को बारहवीं कक्षा तक प्रत्येक माह एक हजार की राशि मिलती है साथ ही प्रयास आवासीय विद्यालय में भी यहाँ के बच्चे का चयन हुआ है, जो अभी बिलासपुर और रायपुर के शालाओं में अध्ययनरत है।

खेल के क्षेत्र में भी यहाँ के बच्चे जिला और राज्य स्तर तक अपनी प्रतिभा का जौहर दिखा चुके है। साथ ही योग में अंतरजिला, संभाग स्तर तक योग कौशल का प्रदर्शन किये है। शाला में नवाचार के क्रम में देश-विदेश के विषय विशेषज्ञों जिसमें दिल्ली, कलकत्ता, बेंगलोर, मद्रास, मुम्बई, रायपुर, रायगढ़, भिलाई और भोपाल को आमंत्रित कर अलग-अलग तकनीकी ज्ञान के साथ जीवन कौशल जैसे विषयों की कार्यशाला आयोजित कर बच्चों को लाभ दिलाये है। विदेशी मेहमान इजराइल से आमंत्रित चंचल बंगा ने अभिनय आधारित शिक्षा को बहुत ही सरल तरीको से शिक्षण पद्धति से अवगत कराया गया है। शाला के बच्चे जिसे पाठों में जिन लेखकों व कवियों के नाम पड़ते है और सुनते है, उन्हें भी नवाचार के तहत शाला आमन्त्रित कर कार्यशाला आयोजित कर मिलिए मूर्धन्य लोगो से कार्यक्रम में रूबरू हो चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय मानव संगठन द्वारा भी इनके शाला को सम्मानित कर चुके है। सीएम राइज विद्यालय बोलेगांव लांजी के बच्चे और शिक्षकों द्वारा नवाचार और कला गतिविधियों से प्रभावित होकर माध्यमिक शाला बैहाटोला में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत अनेक विधाओं पर नवाचार करने पर राज्य का सर्वोच्च शिक्षक पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

डेका राजभवन समारोह में राज्यपाल डेका ने कहा नवाचार शिक्षा से ही बदलाव आता है। हमारे शिक्षक अध्यापन के लिए नए प्रयोग कर रहे है,समय के साथ शिक्षण विधि अपनाना चाहिए। स्कूल भवन नही, बल्कि उसके अंदर क्या पढ़ा रहे है। ये महत्वपूर्ण है। साथ ही अपने शिक्षकीय जीवन के अनुभवों को सदन के समक्ष रखे।

### शिक्षक ही राष्ट्रभक्त नागरिक देते है: विष्णु देव साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा शिक्षक ही सच्चे राष्ट्र निर्माता होते है। शिक्षा विकास का मूल मंत्र है और इसके बिना जीवन अधूरा है। शिक्षक ही राष्ट्रभक्त नागरिक देते है। जो आगे चलकर समाज और राष्ट्र की उन्नति में योगदान देते है।

### नई शिक्षा निति शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी होगी - गजेंद्र यादव

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से प्रदेश में शिक्षा का स्तर आने वाले समय मे और बेहतर होगा। सभी पुरस्कृत शिक्षकों को बधाई सहित आगामी राज्य पुरस्कारों की घोषणा की।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में जिले के 49 शिक्षक हुए सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव की कंपोजिट मदिरा दुकान में ओवररेटिंग और मिलावट का मामला लगातार सुर्खियों में है। इस दुकान से अवैध तरीके से कोचियों को अधिक मात्रा में शराब देने की भी शिकायतें मिल रही हैं। स्थानीय लोगों ने लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर जिला आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी और डोंगरगांव के सुपरवाइजर गजेंद्र सिंह राजपूत के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया है।

लोगों का कहना है कि गजेंद्र सिंह राजपूत का अभिषेक तिवारी के घर और ऑफिस में काफी आना-जाना है। जिससे यह सांठगांठ साफ नजर आती है। जब शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया, तो परेशान लोगों ने टोल फ्री नंबर और रायपुर स्थित हेड ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य की उड़नदस्ता टीम ने 28 अगस्त, 2025 को कार्रवाई की और ओवररेटिंग की घटना को पकड़ा। सूत्रों के अनुसार, यह ओवररेटिंग सुपरवाइजर गजेंद्र सिंह के कहने पर हो रही थी, जिससे उनकी संलिप्तता स्पष्ट हो गई है।

इस खेल को रोकने के लिए 3 सितंबर को एक पत्र के माध्यम से आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी को आदेश दिया गया था कि वे सेल्समैन और सुपरवाइजर को ब्लैकलिस्ट करें और इसकी सूचना हेड ऑफिस को दें। हालांकि आरोप है कि अभिषेक तिवारी ने अपने निजी फायदे के लिए गजेंद्र सिंह राजपूत को न तो हटाया और न ही ब्लैकलिस्ट किया। सूत्रों का दावा है कि तिवारी का कुछ महीने पहले ही बीजापुर से राजनांदगांव तबादला हुआ है, और वे बीजापुर में प्रचलित ओवररेटिंग और मिलावट के चलन को यहां भी जारी रखना चाहते हैं। इन आरोपों के मुताबिक तिवारी ने उच्च अधिकारियों के आदेशों की अनदेखी करते हुए गजेंद्र सिंह को उसी दुकान में बनाए रखा। जहां वह पिछले 7 साल से पदस्थ हैं। इस घटना ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग में अभिषेक तिवारी से बड़ा कोई अधिकारी नहीं है और क्या उच्च अधिकारियों के आदेशों का कोई महत्व नहीं है।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया ईद मिलादुन्नबी, चारो ओर लगा सरकार की आमद मरहबा का नारा



गंडई पंडरिया (दावा)। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक (पैगंबर) मुहम्मद साहब के 1500 वें जन्मदिन के पाक अवसर पर नगर में बड़े धूमधाम से ईद मिलादुन नबी का त्योहार मनाया गया। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने विधिवत गंडई जामा मस्जिद से विशाल जुलूस निकाला। उक्त जुलूस गंडई तिरंगा चौंक से नगर भ्रमण करते हुए वापस जामा मस्जिद के पास समाप्त हुआ। जुलूस में शामिल लोगों ने सरकार की आमद मरहबा के नारे लगाए और एक दूसरे को ईद मिलादुन्नबी की मुबारक बाद पेश की। इस बीच जामा मस्जिद के इमाम, नायब इमाम, नात खां, वाहिद खान, मुजम्मिल रज़ा, कलीम खान और छोटे-छोटे बच्चों ने पैगंबर साहब की शान में नाते पाक पढ़ी। जुलूस का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया। कोपेभांटा में लंगर और मस्जिद पारा सहित अन्य वार्डों में जलपान वितरित किया गया।

जुलूस के दौरान जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती राशिद अनवर मिस्बाही ने बताया की आज के ही दिन हजरत मुहम्मद साहब पूरी दुनिया के के लिए रहमत बनकर इस दुनिया में तशरीफ लाए। उनके आमद के दिन को पूरे दुनिया भर के मुसलमान ईद मिलादुन्नबी के रूप में मानते हैं। हजरत मुहम्मद साहब का जीवन संपूर्ण मानव जाति को दया, करुणा, आपसी सौहार्द्र, शांति, भाईचारे का संदेश देने गुजरा। वहीं ईद मिलादुन्नबी के पर्व पर स्थानीय पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा। जुलूस के समापन के अवसर पर मस्जिद में परचम कुशाई की रस्म पूरी की गई। और अंत में मस्जिद प्रांगण में अमन, भाईचारे की दुआ के हजरत मुहम्मद साहब पर सलाम पेश किया गया।

# शिक्षक दिवस पर 49 शिक्षकों को शिक्षा गौरव अलंकरण से नवाजा गया



खैरागढ़ (दावा)। शिक्षक दिवस पर जिले में आयोजित गरिमामय समारोह में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में 49 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इनमें 3 शिक्षकों को शिक्षा दीप सम्मान, 6 को शिक्षा दूत सम्मान और शेष 40 शिक्षकों को रजत जयंती पर प्रशस्ति पत्र, श्रीफल व शाल भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा रहीं। वहीं अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने की। इस अवसर पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य व सभापति घम्मन साहू,नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी, जनपद उपाध्यक्ष लखन साहू, दिशा समिति के सदस्य भागवत शरण सिंह, आलोक श्रीवास शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, निलांबर वर्मा, तरूण सिंह, शैलेन्द्र त्रिपाठी, शशांक ताम्रकार अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति पदुमलाल पन्नालाल बक्शी स्कूल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, खंड शिक्षा अधिकारी नीलम राजपूत खैरागढ़, रमेंद्र डेडसेना खंड शिक्षा अधिकारी छुईखदान, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी के एल अमेला तथा प्राचार्य डॉ. कमलेश्वर सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया। कन्या शाला की छात्राओं ने राष्ट्रगीत और देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल ने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की नींव हैं। वे केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि ईमानदार और जिम्मेदार नागरिक भी तैयार करते हैं। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज और राष्ट्र की प्रगति का श्रेय हमेशा एक अच्छे शिक्षक को जाता है।। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति के जिवन मे गुरू की अमिट छाप होती हैं और उन्ही के आदर्शो पर चलकर हम आगे बढ़ते हैं।

कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अखिलेश श्रीवास्तव और शिक्षक दुर्गेश वर्मा ने किया। समापन अवसर पर पीएम शक्ति योजना के अंतर्गत सामूहिक भोज का आयोजन हुआ। आभार प्रदर्शन प्राचार्य कमलेश्वर सिंह ने किया। इस अवसर पर सम्मानित शिक्षकों ने संकल्प लिया कि वे शिक्षा के माध्यम से समाज और राष्ट्र की सेवा में सदैव समर्पित रहेंगे।

# छत्तीसगढ़ में एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन 19वें दिन भी जारी

**काली पट्टी बांध मौन रहकर जताया विरोध, आदिवासी समाज ने किया समर्थन**



अंबागढ़ चौकी (दावा)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी संघ की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा आंदोलन शुक्रवार को 19वें दिन भी जारी रहा। प्रदेशभर के स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत एनएचएम के कर्मचारी हड़ताल पर डटे हैं। इसी कड़ी में आज उन्होंने मुंह पर काली पट्टी बांधकर मौन रहकर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। आंदोलनरत कर्मचारियों को शुक्रवार को आदिवासी समाज का भी साथ मिला। युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आंदोलन स्थल पहुंचे और एनएचएम कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं और उनकी जायज मांगों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

सरकार को चाहिए कि वह जल्द संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान निकाले, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य हो सकें। कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, ग्रेड पे निर्धारण, अनुकंपा नियुक्ति, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब तक मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती। तब तक आंदोलन जारी रहेगा। लगातार जारी इस हड़ताल से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ग्रामीण और शहरी इलाकों में आम जनता को स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। एनएचएम कर्मचारी संघ ने सरकार से पुनः अपील की है कि वह इस गंभीर स्थिति का संज्ञान लेकर तत्काल उनकी मांगों को पूरा करे, जिससे राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल हो सकें।

# जीएसटी दरों का नया निर्णय मध्यम वर्ग और व्यापारियों के लिए कल्याणकारी- राजा माखीजा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जताया गया आभार**



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के चेयरमेन एंव कुशल उद्यमी राजा माखीजा ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी के संबंध में नई दरें लागू करने लिए गए निर्णय को आम जनता व व्यवसाय के लिए जन हितकारी व कल्याणकारी निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 3 सितम्बर को आयोजित जीएसटी काउंसिल की बैठक ने भारत की कर प्रणाली को एक नए युग की ओर अग्रसर कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच और वित्त मंत्री के मार्गदर्शन में लिए गए इन फैसलों को पूरे देश में जीएसटी 2.0 कहा जा रहा है।

इस बैठक में रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं पर टैक्स दरों को बड़े पैमाने पर घटाया गया है। अनेक वस्तुओं को 18त्न से घटाकर 5त्न कर दिया गया है। कई उपयोगी सामान अब 12 प्रतिशत से केवल 5 प्रतिशत की श्रेणी में आ गए हैं। आम जनता को राहत देने के लिए अनेक वस्तुओं के जीएसटी दर को 28 प्रतिशत से 18 प्रतिशत कर दिया गया है और कुछ वस्तुएँ तो सीधे 12 प्रतिशत से शून्य (0 प्रतिशत) कर दी गई हैं। इसके साथ ही छोटे व्यापारियों की कर-अनुपालन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए रिटर्न फाइलिंग को आसान किया गया है और जटिल नियमों में व्यापक सुधार किए गए हैं। यह कदम निश्चित रूप से एसे ऑफ डूईंग बिजनेस को बढ़ावा देगा और भारत की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएगा। इसका पूरा श्रेय देश के गरीब हितैषी और देश को उच्च स्थान पर ले जाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है।

### व्यवसाय को मिलेगी नई उर्जा व महंगाई से मिलेगी राहत

इन निर्णयों को जनता के लिए ऐतिहासिक बताते हुए राजा मखीजा जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज देश की 140 करोड़ जनता को जीएसटी काउंसिल के फैसलों से प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। यह केवल व्यापारी वर्ग का ही नहीं बल्कि किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग, महिला उपभोक्ता और छोटे दुकानदार सभी का हित साधने वाला निर्णय है। मोदी सरकार ने एक बार फिर साबित किया है कि यह सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर चल रही है। श्री मखीजा ने विशेष रूप से डॉ. रमन सिंह का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले कई वर्षों से उन्होंने जीएसटी, डायरेक्ट टैक्स और इनडायरेक्ट टैक्स जैसे जटिल विषयों पर केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सेतु का कार्य किया है।

### विकसित भारत की संकल्पना होगी साकार

डॉ. रमन सिंह के 5 दशकों के अनुभव और मार्गदर्शन ने हमेशा व्यापारिक वर्ग और शासन के बीच विश्वास एवं संवाद की मजबूत कड़ी बनाई है। जीएसटी सुधारों में उनकी दूरदर्शिता और प्रयासों ने छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश के व्यापारियों को लाभ पहुँचाया है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय न केवल महंगाई पर अंकुश लगाने वाला है बल्कि विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम भी है। कर सुधारों के इस नए अध्याय से देश की अर्थव्यवस्था को नई गति और नई ऊर्जा मिलेगी। यह सुधार केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह सीधे-सीधे आम जनता की थाली, छोटे व्यापारियों की दुकान और उद्योगों की उत्पादन लागत में कमी के रूप में दिखाई देगा। श्री माखीजा ने पुनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री, जीएसटी काउंसिल एवं डॉ. रमन सिंह का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जीएसटी 2.0 ने भारत को नई आर्थिक दिशा दी है। यह कदम निश्चित रूप से ऐतिहासिक है और देश की आने वाली पीढ़ियों को भी इसका लाभ मिलेगा। हम सभी को गर्व है कि ऐसे निर्णायक समय में हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व मिला है।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न

- विकासखंड डोंगरगढ़ के विद्यालय प्रथम स्थान पर रहे विजयी
- प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त दल संभाग स्तर पर देंगे प्रस्तुति

राजनांदगांव (दावा)। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा जिले के सभी विकासखंड में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चारों विकासखण्डों से 12 दलों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में जिले के चारों विकासखंड के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। डोंगरगढ़ विकासखण्ड से प्रतिनिधित्व करते हुए तीनों दलों ने शानदार प्रदर्शन किया। डोंगरगढ़ विकासखण्ड के दो दलों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 6 सितंबर को आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। प्रथम स्थान प्राप्त दल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतलाव, अंडी, हाईस्कूल बरनाराकला, सेंदरी के छात्र और द्वितीय स्थान प्राप्त दल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बागरेकसा, बागनदी और चारभाठा के छात्र सम्मिलित थे। इसी प्रकार तृतीय स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रीवागहन विकासखण्ड राजनांदगांव ने प्राप्त किया। विजयी दलों को 7 हजार रूपए, 5 हजार रूपए, 3 हजार रूपए सम्मान राशि, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। सांत्वना पुरस्कार विजेता महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनंदगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार छुरिया, सेजेस अंग्रेजी माध्यम डोंगरगांव, सेजेस हिंदी मध्यम डोंगरगांव कुल पांच टीमों को प्रति टीम 2 हजार रूपए सम्मान राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विजयी दलों को जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल एवं जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह ने बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पार्षद शेखर यादव, खेमीन यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप, जन शिक्षण संस्थान के निदेशक झालम सिंह, सहायक परियोजना सामान्य समग्र शिक्षा राजनांदगांव आदर्श वासनिक, व्याख्याता सेजेस डोंगरगांव श्रीमती नेहा साहू ने अपनी सेवाएं दी।

# खण्ड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर के लिए लाल बहादुर नगर में बैठक संपन्न हुआ

**बीएमओ डॉ. सुचित्रा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया**



डोंगरगढ़(दावा)। रजत जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आगामी 17 सितंबर को नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में खण्ड स्तरीय विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाना है। जिसमें नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि के सहयोग से यह स्वास्थ्य शिविर संपन्न होगा।

इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के ग्रामीण आमजन को एक ही स्थान पर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।शिविर में जिला एवं प्रदेश स्तर के लगभग 25-30 स्पेशलिस्ट डॉक्टर शिविर में उपलब्ध रहेंगे। इस शिविर में सभी बिमारियों का जांच एंव दवाई निःशुल्क प्रदान किया जाएगा एवं जो भी स्वेच्छा से रक्तदान करेगा उनका सम्मान किया जाएगा। लाल बहादुर नगर के बैठक में स्वास्थ्य विभाग, नगर पंचायत के अधिकारी, कालेज एवं हाईस्कूल के प्रिंसिपल, नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पार्षदगण, क्षेत्रीय सरपंच, भाजपा मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री एवं पदाधिकारी उपस्थित रहें। जिसमें कार्यक्रम को सभी मिलकर सफल बनाने विभाग को आश्वस्त किया।बैठक में प्रमुख रूप से डॉ.संदीप ताम्रकार (डीपीएम), डॉ.सुचिता श्रीवास्तव (बीएमओ), शैलेश पांडे (सीएमओ), नायब तहसीलदार राजेश नेताम, देवेन्द्र साहु (अध्यक्ष नगर पंचायत), मनोज कांडे (मंडल अध्यक्ष), प्रशांत कोड़ापे (सभापति जिला पंचायत), श्रीमती अनिता ठाकुर (सभापति जिला पंचायत), छबीधर साहु (उपाध्यक्ष नगर पंचायत), अनिल श्रीवास्तव, कालेज एवं हायर सेकंडरी स्कूल एवं शिशु मंदिर लाल बहादुर नगर के प्रिंसिपल, थनवार मंडावी (सभापति जनपद पंचायत), श्रीमती रेशमा कंवर (जनपद सदस्य), राजेन्द्र तिवारी, कैलाश ऊके (अध्यक्ष सरपंच संघ), हेमलाल वर्मा (मंडल महामंत्री), पार्षदगण रमेश यादव, रामजी साहु, मृगलाल साहु, योगेश साहु, प्रीति ताम्रकार, निकिता ताम्रकार, उषा यदु, सरस्वती ढीमर, नगर पटेल हुकुमचंद साहु, डॉ भारत साहु, डॉ नितिन साहु, सुपरवाइजर श्रीमती सेवती साहु, उपकार सिंह बघेल, श्रीमती पुष्पा सिन्हा, शिव बल्हारे,अवध साहु, लक्ष्मीनाथ रजक, रामाधार ओझा, नरेंद्र ठाकुर, जाफर अली, कुशल साहु, रामप्रसाद वर्मा, जयसिंग कंवर, लखन बंसोड़, कुलाश ठाकुर, संतोष ढीमर,खेदू साहु, यशवंत साहु , मानिक वर्मा सहित क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# कन्हैयालाल खोब्रागढ़े ने दी पूर्व सांसद प्रदीप गांधी को बधाई

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय पंजीकृत संस्था बुद्धिष्ट कल्चर एंड वेलफेयर सोसाइटी ऑफ डोंगरगांव के संस्थापक वयोवृद्ध समाजसेवी कन्हैयालाल खोब्रागढ़े ने पूर्व सांसद रहे भाजपा के वरिष्ठ एवं जुझारू नेता प्रदीप गांधी को कांस्टीटयूशन क्लब ऑफ इंडिया के चुनाव में सर्वाधिक मतों से विजयी होने पर कोटिशः बधाई देते हुए उनके स्वस्थ्य एवं दीर्घायु होने की मंगलकामना की है। संस्था के महेन्द्र लेंझारे, युगल सोनटेके, राजेन्द्र रंगारी, मुकेश उके, डिंपल चैरे ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# 22 सितंबर को भगवान श्री श्री 1008श्री अग्रसेन जयंती



**विविध प्रकार की सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद, संस्कृतिक प्रतियोगिता का होगा आयोजन**

डोंगरगढ़(दावा)। विगत दिनों अग्रवाल सभा की एक आवश्यक बैठक श्री अग्रसेन भवन मे सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल कि अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई जिसमें प्रतिपदा अश्विन शुक्ल एकम 22 सितंबर सोमवार को भगवान श्री श्री 1008श्री अग्रसेन जयंती मानाने के बारे चर्चा हुई। जिसमे यह निर्णय हुआ कि, समस्त अग्रवाल बंधुओं के साथ नवयुवक मण्डल, महिला मण्डल और बालिका मण्डल के विविध प्रकार की सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद, संस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन कर अपने कुलपिता श्रद्धेय भगवान अग्रसेन की जयंती को भव्य स्वरूप प्रदान कर धूमधाम से मनाना है। जयंती कार्यक्रम का शुभारम्भ 18सितंबर को दीपप्रज्वलन और ध्वजारोहण से लेकर 22 सितंबर 2025 तक विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित होंगी। सभा अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल एवं सचिव महेन्द्र अग्रवाल ने कार्यकारिणी सहित युवा मण्डल, महिला मण्डल, बालिका मण्डल सहित सभी सामाजिक बंधुओं से आह्वान किया कि सभी अग्रवाल समाज के बंधु साथ मिलकर जोर-शोर से जयंती कार्यक्रम को सम्पन्न कराने के लिये आपस मे एक दूसरे का सहयोग करें।

## ज्योतिष चमत्कार ( 8 सितंबर 2025 )

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 95 | 01 | 14 | 21 |
| मंगल | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 02 | 13 | 23 | 35 |
| बुध | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 12 | 24 | 34 | 41 |
| गुरू | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 25 | 32 | 42 | 54 |
| शुक्र | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 31 | 43 | 53 | 62 |
| शनि | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 45 | 52 | 63 | 74 |
| अंकों का बादशाह | 9 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 8 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 2 | 3 | 4 | 7 |
| स्पेशल | 20 | 36 | 45 | 71 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 46 | 59 | 67 | 70 |
| मंगल | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 58 | 68 | 79 | 86 |
| बुध | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 60 | 78 | 87 | 98 |
| गुरू | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 76 | 89 | 97 | 06 |
| शुक्र | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 80 | 96 | 07 | 19 |
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 5 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 6 | 7 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 68 | 74 | 93 | 02 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

| कल्याण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 83 | 91 | 75 | 42 | XX | 72 |
| 54 | 75 | 14 | 39 | 68 | 43 |
| 68 | 73 | 20 | 05 | 40 | 38 |
| 25 | 75 | 61 | 43 | 17 | 24 |
| | | | | | |

| राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 60 | 55 | 73 | 58 | XX |
| 92 | 13 | 64 | 15 | 07 |
| 89 | 50 | 12 | 74 | 91 |
| 65 | 20 | 69 | 20 | 65 |
| | | | | |

**जनवरी 2025 से सितंबर 2025 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-32-37-52-56-50-86-87-92-90
1-146-245-227-777 2-246-228-499-688-444-
3-166- 4-680-266-338-400-888
5-230-249-113-122-177-366-799-889-555
6-114-330-448-466-600-222 7-124-368-188-557-700-999 8-134-567-440-477-666 9-450-117-144-199-559-577-667-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- 26-88
2025- -24-26-33-30-42-49-56-61-66-67-75-78-88-80-95-99-90-01-05
1-146-290-119-777, 2-589-660-688-778-444, 3-157-256-166-300-599-779-111
4-112-220-338-699-888, 5-177-366-447-500-555
6-358--556-600-222, 7-377-449-700-999
8-189-350-288-666, 9-126-135-289-117-144-199-388-577-333, 0-488-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# जीएसटी स्लैब में बदलाव से किसानों, गरीबों और आम आदमी को सीधा लाभ - दिलीप वर्मा



अंबागढ़ चौकी (दावा)। जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में लिए गए फैसलों के बाद, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इन फैसलों को आम आदमी के हित में उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम बताया, जिससे समाज के सभी वर्गों को बड़ी राहत मिलेगी।

### इन फैसलों से क्या-क्या सस्ता हुआ है?

साबुन, टूथपेस्ट, शैंपू और अन्य घरेलू सामानों पर जीएसटी दरें कम की गई हैं, जिससे आम आदमी का आर्थिक बोझ घटेगा। जीवन रक्षक दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी कम किया गया है।

स्कूली बच्चों के लिए पेंसिल, कॉपी और अन्य स्टेशनरी पर भी टैक्स घटाया गया है। ट्रैक्टर और सिंचाई के सामान जैसे कृषि उपकरणों पर भी जीएसटी दर कम हुई है। जिससे किसानों की लागत घटेगी। छोटी कारों, दोपहिया वाहनों, एसी और टीवी जैसी चीजों पर भी टैक्स दरें कम की गई हैं, जिससे मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी। दिलीप वर्मा ने इन सुधारों को 'नेक्स्ट-जेन जीएसटी' का हिस्सा बताया, जो देश की अर्थव्यवस्था को गति देने और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में मदद करेंगे।

उन्होंने प्रधानमंत्री के इस जन-हितैषी दृष्टिकोण की सराहना की और कहा कि ये कदम 'ईज ऑफ लिविंग' (जीवन को आसान बनाना) को बढ़ावा देंगे।

# वन विभाग में कथित अवैध पदोन्नति पर भड़का वन कर्मचारी संघ, आंदोलन की दी चेतावनी



मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ वनकर्मचारी संघ ने वन विभाग में हो रही कथित नियम विरुद्ध विशेष पदोन्नतियों का विरोध करते हुए चरणबद्ध बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस संबंध में मोहला वन मंडल कार्यालय में जिलेभर के कर्मचारियों और अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

जिसमें भारी संख्या में सदस्य शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अजय पडोटी ने कहा कि ''पदोन्नति और भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं नियमों के अनुरूप होनी चाहिए। किसी भी कर्मचारी के साथ अन्याय संघ बर्दाश्त नहीं करेगा। सभी अवैध पदोन्नतियां तत्काल रद्द की जाएं, अन्यथा संघ बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा।'

संघ ने साफ किया कि यदि शासन-प्रशासन ने इस गंभीर मुद्दे पर शीघ्र कार्यवाही नहीं की तो आंदोलन की रूपरेखा जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक बनाई जाएगी। बैठक में जिला इकाई अध्यक्ष अजय पडोटी के साथ उपाध्यक्ष मेघनाथ निषाद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नमिता कोर्राम, सचिव त्रिलोक बोगा, मीडिया प्रभारी शांतूराम मंडावी, ब्लॉक अध्यक्ष मानपुर अनुराग और ब्लॉक अध्यक्ष अंबागढ़ चौकी तोरण ठाकुर सहित बड़ी संख्या में वनकर्मी उपस्थित रहे।

## शेष प्रथम पेज का...

**ट्रम्प बोले- भारत के साथ रिश्ते रीसेट करने....**

खराब हो चुकी है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद से भारत और अमेरिका के बीच संबंध खराब हो गए हैं। भारत समेत बाकी देशों पर हाई टैरिफ लगाने के मामले की सुनवाई स्कोर्ट में चल रही है। ट्रम्प ने 4 सितंबर को कोर्ट में भारत पर टैरिफ लगाने को जरूरी बताया था। उन्होंने कहा था कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो अमेरिका को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान होगा। ट्रम्प ने इससे पहले निचली अदालत के उस फैसले को चुनौती दी, जिसमें कहा गया था कि ट्रम्प विदेशी सामान पर भारी टैरिफ नहीं लगा सकते। ट्रम्प ने कहा था कि भारत पर लगाए गए टैरिफ रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए बहुत जरूरी हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए टैरिफ लगाया गया, ताकि युद्ध खत्म करने में मदद मिले। ट्रम्प ने कहा कि निचली अदालत का फैसला उनकी पिछले 5 महीनों की व्यापारिक बातचीत को मुश्किल में डाल सकता है। इससे यूरोपीय यूनियन, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के साथ हुए समझौते खतरे में पड़ सकते हैं। ट्रम्प ने बुधवार (3 सितंबर) को कहा था कि भारत टैरिफ लगाकर हमें (अमेरिका) मार रहा है। उन्होंने द स्कॉट जेनिंग्स रेडियो शो में बात करते हुए कहा कि भारत, चीन और ब्राजील जैसे देश अपने ऊंचे टैरिफ से अमेरिका को मार रहे हैं। ट्रम्प ने कहा- मैं टैरिफ को दुनिया में सबसे बेहतर समझता हूं।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पीएम मोदी ने की....**

सफलता हासिल की थी। पीएम मोदी की यह मुलाकात उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले हुई है। उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितंबर को वोट डाला जाना है। 9 सितंबर की शाम को ही चुनाव के नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। चुनाव में एनडीए के सामने विपक्षी दल ने भी अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। एनडीए की तरफ से महाराष्ट्र के मौजूदा राज्यपाल और तमिलनाडु के रहने वाले सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, कांग्रेस नीत विपक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है।

**पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति से....**

क्षेत्र में संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चल रहे प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया था। साथ ही राष्ट्रपति मैक्रों ने वाशिंगटन में यूरोप, अमेरिका और यूक्रेन के नेताओं के बीच हाल ही में हुई बैठकों के बारे में भी विचार साझा किए थे। इस दौरान दोनों के बीच, व्यापार, रक्षा, असैन्य परमाणु सहयोग, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा के क्षेत्रों समेत द्विपक्षीय सहयोग के एजेंडे में प्रगति की भी समीक्षा की गई थी। उन्होंने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और 2026 को उचित तरीके से नवाचार वर्ष के रूप में चिह्नित करने की संयुक्त प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की थी। बता दें कि भारत और फ्रांस दोनों ही बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के समर्थक हैं, और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवाद और कूटनीति के माध्यम से समस्याओं के समाधान की वकालत करते हैं।

**ब्रिटेन से तिहाड़ लाए जाएंगे विजय....**

नीरव मोदी, जो 13,800 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी है, के मामले शामिल हैं। मार्च 2019 में लंदन में गिरफ्तार किए गए मोदी के प्रत्यर्पण को ब्रिटेन के उच्च न्यायालय ने पहले ही मंजूरी दे दी है, लेकिन वह अभी भी हिरासत में है।

**ईडी ने मोक्षित कॉर्पोरेशन की पोर्शे और....**

सीजीएमएससीएल के अधिकारियों ने मिलकर टेंडर प्रक्रिया में हेराफेरी की। फर्जी डिमांड बनाकर मेडिकल इक्विपमेंट और रिएजेंट की सप्लाई मनमाने दामों पर की गई। इससे राज्य सरकार को भारी वित्तीय नुकसान हुआ और आरोपियों ने बड़ा फायदा एफआईआर और चार्जशीट के अनुसार, शशांक चोपड़ा, डीएचएस और सीजीएमएससीएल के अधिकारियों ने मिलकर टेंडर प्रक्रिया में हेराफेरी की। फर्जी डिमांड बनाकर मेडिकल इक्विपमेंट और रिएजेंट की सप्लाई मनमाने दामों पर की गई। इससे राज्य सरकार को भारी वित्तीय नुकसान हुआ और आरोपियों ने बड़ा फायदा कमाया। पहले भी हुई थी 40 करोड़ की संपत्ति जब्त : इससे पहले भी 30 जुलाई 2025 को ईडी ने आरोपियों के ठिकानों पर छापा मारकर 40 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त और फ्रीज की थी। उस कार्रवाई में भी दो लग्जरी गाड़ियां-मिनी कूपर और टोयोटा फॉर्च्यूनर जब्त की गई थीं।

**गुजरात के पावागढ़ मंदिर में दर्दनाक...**

काली को समर्पित मंदिर है। यह स्थान गुजरात का प्रमुख धार्मिक केंद्र है, जहां हर साल लगभग 25 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। हादसे के बाद मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में मातम और दहशत का माहौल है। लोग हादसे को लेकर चिंता जता रहे हैं और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रहे हैं। तकनीकी जांच से होगा सच उजागर : प्रशासन का कहना है कि हादसे की असली वजह तकनीकी जांच के बाद ही साफ हो पाएगी। फिलहाल मृतकों के परिजनों को हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया गया है। वहीं इस हादसे ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक और हादसे में तीन इंजीनियरिंग के छात्रों की मौत : राजकोट जिले में एक एसयूवी पलटने से एक इंजीनियरिंग कॉलेज के तीन छात्रों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। दुर्घटना जसदण तालुका के जंगवाड़ गांव के पास शनिवार को रात 1:30 पर हुई। मृतकों की पहचान आंध्र प्रदेश के नरेश कोडावती (19), मोती हर्ष (17) और अफरीद सैयद (17) के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर आरएस सकारिया ने बताया कि राजकोट की आरके यूनिवर्सिटी के 12 छात्र छुट्टियां मनाने दीव जा रहे थे। गाड़ी चला रहे छात्र ने मोड़ पर नियंत्रण खो दिया, जिससे गाड़ी पलट गई। घायल आठ छात्रों में से दो को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए राजकोट सिविल अस्पताल भेज दिया गया।

**तेलंगाना में 12 हजार करोड़ की ड्रग्स.....**

समय-समय पर पुलिस इनके खिलाफ एक्शन लेती रहती है लेकिन इनका जड़ से खात्मा बेहद जरूरी है। ड्रग्स सिंडीकेट भारत के युवाओं को टारगेट कर रहे हैं, जबकि भारत के युवा ही भारत की असली ताकत हैं।

**350 करोड़ का डीएमएफ घोटाला: 4 करोड़....**

इन ठेकों पर 40 से 60 प्रतिशत तक कमीशन वसूला गया, जिसे लाइजनरों के जरिए अफसरों और नेताओं तक पहुंचाया जाता था। श्वष्ठ के मुताबिक सिर्फ इसी प्रक्रिया में करीब 350 करोड़ रुपए की डीएमएफ राशि के दुरुपयोग का अंदेशा है। पहले भी हो चुकी बड़ी कार्रवाई : इससे पहले ईडी 21.47 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क कर चुकी है। विशेष पीएमएलए कोर्ट, रायपुर में दाखिल अभियोजन शिकायत में 16 आरोपियों को नामजद किया गया है। इस केस में अब तक निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू, राज्य सेवा अधिकारी माया वॉरियर और मनोज कुमार द्विवेदी को गिरफ्तार किया जा चुका है। कहां ईडी ने की थी छापेमारीः दरअसल, ईडी 3 और 4 सितंबर को रायपुर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने 3 कृषि कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी। शंकर नगर स्थित खाद कारोबारी विनय गर्ग के घर छापा पड़ा। फर्टिलाइजर से जुड़ा इनका कारोबार है। वहीं लॉ विस्टा कॉलोनी में दो कारोबारियों के घर जांच चली। कृषि उपकरण और पेस्टिसाइड्स सप्लायर पवन पोद्दार और सतपाल छाबड़ा के घर पर भी अफसरों ने दस्तावेज खंगाले। इसके अलावा दुर्ग-भिलाई और गरियाबंद में भी दबिश दी गई।

भिलाई में दो जगहों पर ईडी के छापे : भिलाई-3 के वसुंधरा नगर और शांति नगर इलाकों में छापेमारी की गई। वसुंधरा नगर में अन्ना एग्रो टेक प्राइवेट लिमिटेड के दफ्तरों और ठिकानों पर छापेमारी की गई। यह कंपनी कृषि उपकरण सप्लाई करती है। यहां 6 से ज़्यादा अधिकारी मौजूद थे, जिन्होंने कंपनी के वित्तीय लेन-देन और अन्य दस्तावेज़ों की जांच की। वहीं, दूसरी टीम भिलाई के शांति नगर स्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट आदित्य दिनोदिया अग्रवाल के आवास पर पहुंची। आदित्य अग्रवाल का कार्यालय रायपुर में है, लेकिन ईडी के दो अधिकारियों की एक टीम उनके भिलाई स्थित बंगले पर पहुंची। यहां परिवार के सदस्यों से पूछताछ की गई। घर के अंदर मौजूद दस्तावेजों की भी जांच की गई।

**सीएम ने एम्स में देव हस्त रोबोटिक...**

था ताकि दिल्ली स्थित एकमात्र एम्स पर मरीजों का दबाव कम हो और अन्य राज्यों के लोगों को भी उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उनके राज्य में ही उपलब्ध हो। हमारा सौभाग्य है कि जिन छह राज्यों में एम्स स्थापित करने की स्वीकृति मिली, उनमें छत्तीसगढ़ भी शामिल था। सांसद रहते हुए मेरे दिल्ली के भवन में लोग रूककर करवाते थे ईलाज : उन्होंने आगे का कि, परिजन निवास की घोषणा करते हुए कहा कि, दूर-दराज से आने वाले मरीजों के परिजनों के ठहरने की सुविधा कितनी आवश्यक है, यह मैं भली- भांति समझता हूं। सांसद रहते हुए दिल्ली स्थित मेरे आवास को लोग %मिनी एम्स% कहते थे। क्योंकि, वहां मैं मरीजों के परिजनों की रुकने की व्यवस्था करता था। जनसेवा का यह कार्य मेरे दिल के बेहद करीब है। 2014 से 2019 के संसदीय कार्यकाल में मैंने लगभग 12 करोड़ रुपये प्रधानमंत्री राहत कोष से मरीजों को दिलवाए थे।

**शराब घोटाला: भूपेश के बेटे....**

आरोपी बनाया है। आरोप है कि शराब घोटाले की रकम से चैतन्य को 16.70 करोड़ रुपए मिले हैं। ईडी के मुताबिक शराब घोटाले से मिले ब्लैक मनी को रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में इन्वेस्ट किया गया। ब्लैक मनी को वाइट करने के लिए फर्जी निवेश दिखाया गया है। साथ ही सिंडिकेट के साथ मिलकर 1000 करोड़ रुपए की हैंडलिंग (हेराफेरी) की गई है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि, चैतन्य बघेल के विठ्ठल ग्रीन प्रोजेक्ट (बघेल डेवलपर्स) में घोटाले के पैसे को इन्वेस्ट किया गया है। इस प्रोजेक्ट से जुड़े अकाउंटेंट के ठिकानों पर छापेमारी कर श्वष्ठ ने रिकॉर्ड जब्त किए थे। प्रोजेक्ट के कंसल्टेंट राजेन्द्र जैन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में वास्तविक खर्च 13-15 करोड़ था। जबकि रिकॉर्ड में 7.14 करोड़ ही दिखाया गया। जब्त डिजिटल डिवाइसेस से पता चला कि, बघेल की कंपनी ने एक ठेकेदार को 4.2 करोड़ कैश पेमेंट किया गया, जो रिकॉर्ड में नहीं दिखाया गया। चैतन्य बघेल की दो फर्मों को भिलाई के सराफा कारोबारी से 5 करोड़ मिले, शराब घोटाले से कैश मिला।

# छात्रों की समस्याओं को लेकर पहुंचे निखिल द्विवेदी, एनएसयूआई पदाधिकारियों ने की मांग



राजनांदगांव (दावा)। आज राजनांदगांव एनएसयूआई ने दिग्विजय महाविद्यालय में छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ महाविद्यालय प्रशासन को मांग पत्र सौंपा।

ज्ञात हो दिग्विजय महाविद्यालय के लगभग 200 छात्र छात्राएं गणित के विषय में फेल कर दिया गया है। छात्र इस विषय पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी को अपनी समस्या बताई और कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो छात्रों का साल बर्बाद हो जाएगा। छात्रों के भविष्य हित को देखते हुए निखिल द्विवेदी ने महाविद्यालय प्रशासन से मुलाकात की। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा ने कहा कि नई शिक्षा नीति प्रदेश में पूरी तरह से विफल हो चुकी है छात्र अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ कर जा रहे हैं। ये महाविद्यालय प्रशासन के लिए दुर्भाग्य का विषय है कि एक ही विषय में बहुत से छात्र फेल हो गए, किन्तु महाविद्यालय प्रशासन इस गंभीर विषय पर कोई ध्यान नहीं दे रही हैं।

एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव ने कहा कि नियम का हवाला देकर महाविद्यालय प्रशासन पीठ नहीं दिखा सकता। जब छात्र कहे रहे हैं कि उनका पेपर अच्छा बना है और उसी विषय पर बहुत से छात्र फेल हो गए ये कही न कही ये बाते उठ रही है कि उनका पेपर अच्छे से चेक नहीं किया गया है महाविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया गया है कि इस विषय पर छात्रों के हित को देखते हुए उनके हक में फैसला लिया जाना चाहिए। एनएसयूआई प्रदेश सचिव ऋषभ निर्मलकर एवं शुभम प्रजापति ने बताया कि अगर महाविद्यालय प्रशासन छात्रों के हक में फैसला नहीं करता है तो एनएसयूआई उग्र प्रदर्शन करेगी।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा, प्रदेश महासचिव राजा यादव, प्रदेश सचिव ऋषभ निर्मलकर, शुभम प्रजापति, विधानसभा अध्यक्ष उज्ज्वल निर्मलकर, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव विशु अजमानी, संदीप सोनी, शशांक डोंगरे एनएसयूआई जिला सचिव जयंत पटेल, यमन शांडे, अकबर खा़न, गिरजा शंकर, मिथलेश चंडेल, प्रदीप साहू, लोकेश्वर साहू एवं अन्य एनएसयूआई के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जीएसटी परिवर्तन से देश कि विकास में तेजी आएगी आर्थिक मजबूती मिलेगी- विवेक साहू



राजनांदगांव (दावा)। केंद्र कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने 12और 28 प्रतिशत जीएसटी को खत्म कर 5और 18प्रतिशत करके आम जनता को बहुत बड़ी सौगात दी है इस परिवर्तन से देश कि विकास में तेजी आएगी आर्थिक मजबूती मिलेगी जरुरत की चीजे सस्ती होगी।

जिला भाजपा के पूर्व मंत्री विवेक साहू ने जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद घोषणा का स्वागत करते हुवे कहा मोदी जी बड़े फैसले लेने के नाम से जाने जाते है। उन्होंने लालकिला की प्राचीर से घोषणा की थी अब उसे लागू किया जा रहा है, इस फैसले से हर वर्ग को फायदा होगा जरुरत की चीजे सस्ती होंगी लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी, खाद्य पदार्थ सस्ते होंगे, यह सही वक्त है जो बढ़ा कदम उठाया।

# जिला साहू संघ ने मनाया शिक्षक दिवस, किया शिक्षकों का सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 137वीं जयंती के अवसर पर जिसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिला साहू संघ राजनांदगांव ने शिक्षकों का सम्मान किया। यह कार्यक्रम जिला साहू संघ और निःशुल्क कोचिंग क्लास के बच्चों द्वारा आयोजित किया गया था। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भागवत साहू थे। जबकि अध्यक्षता नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू ने की।

इस दौरान जिला संयोजक यशवंत साहू, परियोजना अधिकारी वीरेंद्र कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष नीरा साहू, राघवेंद्र साहू, विनय साहू, तिजेंद्र साहू, जगमोहन साहू और सी.के. साहू जैसे विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित थे। शिक्षकों को उनके अमूल्य योगदान के लिए श्रीफल, शाल, पेन और एक प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन परदेशी राम साहू ने किया। जिन शिक्षकों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। उनमें प्रमुख रूप से प्रधानपाठक परदेशी राम साहू, भोज गंजीर, और शिक्षक नीलमणि साहू, माधव साहू, हेमंत साहू, लविंद्र साव, छन्नूलाल साहू, राजेश साहू, वासु साहू, हृदय हिरवानी, पवन साहू, भीष्म चंद्राकर, संतोष कड़वे, प्रभात सर, आशीष सर, अनिल साहू, परसादी राम साहू, सेवक साहू और खिलेश्वरी साहू शामिल हैं।

# युगांतर में मेमोरी स्किल्स पर त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन



राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा 6वीं और 12वीं के हॉस्टलर विद्याथियों के लिए मेमोरी स्किल्स पर एक प्रभावशाली त्रिदिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला को एक्सपर्ट मेमोरी ट्रेनर मोक्ष जैन नेल्लोर आन्ध्रप्रदेश के द्वारा संचालित किया जा रहा है।

आज कार्यशाला के पहले दिन विद्यार्थियों के लिए इंटरैक्टिव और ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित हुआ। कार्यशाला की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने मोक्ष जैन के परिचय द्वारा की। उन्होंने बताया कि मोक्ष ने ग्रैंड मास्टर ऑफ मेमोरी का टाइटल सिंगापुर से प्राप्त किया।उन्होंने विनर ऑफ मल्टीपल नेशनल मेमोरी चैम्पियनशिप 2014 में जीती। इसके अलावा उन्होंने विनर ऑफ इन्टरनेशनल मेमोरी चैम्पियनशिप इंडोनेशिया, फिलिपिन्स, टर्की, मलेशिया और सिंगापुर में जीती। यही नहीं वे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर में टॉप मेमोरी एथलिट्स भी हैं। इसी तारतम्य में कार्यशाला को संचालित करते हुए मोक्ष जैन ने बताया कि मेमोरी स्किल्स को विकसित करना कोई जादू का खेल नहीं है। मेमोरी विषय में नियमित फोकस करने तथा लांग टर्म लर्निंग प्रोसेस से गुजरने स्वाभाविक रूप से विकसित होती है।उन्होंने मेमोरी स्किल्स को विकसित करने के लिए सिंपल टेकनिक्स बताई। इस संबंध में उन्होंने विद्यार्थियों से विविध प्रेक्टिकल भी कराए। उन्होंने विद्यार्थियों को संख्याओं को याद करने के तरीके बताए। इसी तरह उन्होंने अंग्रेजी के कठिन से कठिन शब्दों को स्टोरी गढ़कर याद करने की टेकनिक्स भी बताई।

उन्होंने सरल तकनीकों और रोचक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे आत्मविश्वास के साथ अपनी मेमोरी स्किल्स को विकसित कर सकते हैं और परीक्षाओं में अधिक अंक अर्जित कर सकते हैं। इस कार्यशाला की सफलता पर विद्यालय की प्रबंध समिति ने हर्ष प्रकट किया है। 6 सितंबर तथा 7 सितंबर को इस कार्यशाला का समय प्राचार्य के मार्गदर्शन में संध्या 6 बजे से रखा गया है।



# कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में वेस्ट से बेस्ट कार्यशाला संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय की ईको क्लब, आई.क्यू.ए.सी. सेल के द्वारा वेस्ट से बेस्ट कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। जिसके तहत छात्रों ने पुरानी वस्तुओं से ईको फ्रेंडली कागज के बने फूल वाले गुलदस्तों का निर्माण किया। कार्यशाला प्रभारी श्रीमती दिव्या श्रीवास्तव ने बताया की प्रतिवर्ष छात्रों को उद्यमिता कौशल से जुड़े विभिन्न विषयों पर कार्यशाला और प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रचना पांडे ने बताया कि महाविद्यालय में बी.एड. के छात्रों को भावी शिक्षक प्रशिक्षण के साथ-साथ छात्रों में उद्यमिता कौशल को बढ़ाने एवं चैमुखी विकास हेतु उनके लिए महाविद्यालय में इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना की गई है। जिसके तहत उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों जैसे-वेस्ट से बेस्ट कार्यशाला, हर्बल गुलाल मेकिंग कार्यशाला, मशरुम कल्टीवेशन एवं अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाता है।

# नेहरू महा. में प्राणीशास्त्र परिषद का गठन, पायल देवांगन बनी अध्यक्ष



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 3 सितंबर को सत्र 2025-26 हेतु प्राणीशास्त्र परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) ई.व्ही.वी. रेवती के दिशा-निर्देशन में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्या डॉ. ई.व्ही. रेवती तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वनस्पति शास्त्र विभाग के सहा. प्राध्यापक अविनाश सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मा सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। प्राणिशास्त्र विभाग के सहा. प्राध्यापक डॉ. गोकुल प्रसाद साहू ने अतिथियों का स्वागत करते हुए परिषद के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की।परिषद में पदाधिकारी अध्यक्ष पायल देवांगन, उपाध्यक्ष महक अग्रवाल, सचिव मोनिका देवांगन, सह सचिव रेवती, कोषाध्यक्ष लीना देवांगन एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में योगेश देवांगन, रामेश्वर एवं मेघा राव को चुना गया। प

्राचार्या डॉ. ई.व्ही. रेवती ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि दायित्वों और अधिकारों का सही दिशा में उपयोग करने से ही निश्चित लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। कार्यक्रम के समापन पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष पायल देवांगन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन का दायित्व वैष्णवी तिवारी ने निभाया।

# कबड्डी ताकत, सहनशक्ति और फुर्ती का खेल - संजय सिन्हा



छुरिया (दावा)। विकासखंड के ग्राम रामपुर और किरगाहाटोला में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर अतिथि के रूप में शामिल हुए संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया ने उपरोक्त कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ एक ऐसा राज्य जहां कबड्डी और क्रिकेट अधिक खेला जाता है। कबड्डी भारत का प्राचीन और पारम्परिक खेल है। जिसकी जड़ें ग्रामीण जीवन से जुड़ी हुई है। यह खेल केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं अपितु शारीरिक और मानसिक विकास को सुदृढ़ बनाता है।

प्राचीन काल से ही यह खेल गांवों मे खेला जाता रहा, परंतु आज यह खेल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच चुकी हैं। कबड्डी दो टीमों के मध्य खेला जाता है। प्रत्येक टीम में सात खिलाड़ी होते है। कबड्डी केवल एक खेल ही नहीं अपितु भारतीय संस्कृति की पहचान भी है। कबड्डी खेल पर लेकबड्डी भारत का एक पारंपरिक और लोकप्रिय खेल है। जिसकी जड़ें ग्रामीण जीवन से जुड़ी हुई हैं। यह खेल न केवल मनोरंजन का साधन है बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास का भी माध्यम है। कबड्डी का इतिहास कबड्डी की उत्पत्ति भारत में हुई मानी जाती है। यह खेल प्राचीन काल से ही इसे ताकत, सहनशक्ति और फुर्ती का खेल कहा जाता है। समय के साथ यह खेल अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा और आज एशियाई खेलों में भी कबड्डी को स्थान प्राप्त है। खेल का मुख्य उद्देश्य है कि 'रेडर' (हमलावर खिलाड़ी) विरोधी टीम के खिलाड़ियों को छूकर या पकड़कर अपनी टीम की ओर लौट आए। रेडर को विरोधी टीम की सीमा में जाते समय लगातार 'कबड्डी-कबड्डी' बोलना होता है। अगर वह सांस टूटे बिना और पकड़े जाने से बचकर लौट आता है तो उसकी टीम को अंक मिलता है। कबड्डी का महत्व यह खेल शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाता है। इसमें तेजी, फुर्ती और धैर्य की आवश्यकता होती है। जिससे मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास बढ़ता है।

कबड्डी एक टीम गेम है, जो सहयोग और अनुशासन की भावना को विकसित करता है। यह खेल ग्रामीण संस्कृति का प्रतीक है और आज अंतरराष्ट्रीय पहचान भी बना चुका है। कबड्डी केवल एक खेल नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की पहचान है। आज प्रो कबड्डी लीग जैसी प्रतियोगिताओं ने इसे युवाओं में और अधिक लोकप्रिय बना दिया है। यदि इसे उचित प्रोत्साहन और प्रशिक्षण मिले तो भारत कबड्डी में विश्व स्तर पर अपनी श्रेष्ठता बनाए रख सकता है। इस अवसर पर मुख्यरूप से प्रकाश मोटघरे जनपद सदस्य,अशोक मरकाम महामंत्री, भूखन धनकर सहित खिलाड़ी और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# डोंगरगढ़ में आज मनेगा शिक्षक दिवस



डोंगरगढ़ (दावा)। अल्वा फाउंडेशन नई दिल्ली के दुवारा 7 सितंबर रविवार को शिवा जी हॉटेल में भव्य शिक्षक दिवस एव मिलन समारोह का आयोजन किया गया है जिसमे सत्र 1998-2000 बैच डीएड खैरागढ़ के शिक्षक शिक्षिकायें सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के ग्रुप एडमिन ज्ञानचंद साहू ने बताया कि समारोह की मुख्य अतिथि माननीया विधायक स्वामी हर्षिता बघेल डोंगरगढ़ कार्यक्रम के अध्यक्षता हेमशंकर जेठमल चेयरमैन आल्वा फाउंडेशन नई दिल्ली विशेष अतिथि डॉ.सुनील महा कालकर सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ.वाय के तिवारी पुनाराम सिन्हा दीपक सिन्हा के आतिथ्य में समय 11 बजे से सम्पन्न होगा। उक्त कार्यक्रम में 2000 बैच के लगभग 70 शिक्षको ने अपने छग प्रदेश के दूरस्थ अंचलो में सेवा दे रहे है आने की स्वीकृति प्रदान किये है।

# गोटाटोला में धूमधाम से मना गायता जोहरनी व नवा खाई पर्व



कल्लूबंजारी (दावा)। प्रतिवर्षानुसार गत भादों नवमीं को महाराष्ट्र के कोटगुल राज के अंतर्गत सोनपुर के समीपस्थ ग्राम गोटाटोला में गायता जोहरनी एवं नवा खाई पर्व पारंपरिक रूप से धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पेन पुरखों के सेवा अर्जी के साथ हुआ। नये धान के बाली को देवताओं को अर्पण किया गया। पश्चात गोटाटोला-देऊरभट्टी के नार गायता एवं पुजारी अंतेरसिंग कोरेटी का चरण स्पर्श कर सम्मान किया गया।

उपस्थित सभी लोगों ने रिश्ता एवं उम्र के अनुसार एक दूसरे का चरण स्पर्श कर एवं आशीर्वाद प्रदान कर आशीर्वाद ले कर गायता जोहरनी एवं पुनांग तिन्दाना पण्डुम की बधाई दी गयी। कार्यक्रम सामिल कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष, मोड्डी पुजारी के वंशज एवं कोरेटी गायता परिवार के सदस्य दिनेश कोरेटी दिलेर ने गायता जोहरनी एवं पुनांग तिन्दाना पण्डुम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कोयतुर समाज का प्रत्येक पण्डुम प्रकृति परिवर्तन के आधार पर फसल्लोत्सव के रूप में मनाया जाता है। नया फसल आने पर उसे ग्रहण करने के पूर्व अपने पेन पुरखों को अर्पित कर प्रकृति के प्रति कृतज्ञता अर्पित किया जाता है। इस अवसर पर पूरे गांव एवं परिवार के लोग एक जगह एकत्रित होकर एक दूसरे को गायता जोहरनी एवं पुनांग तिन्दाना पण्डुम की बधाई एवं शुभकामनाएं देते है। नार गायता एवं पेन पुजारी गांव व पेन पुजारी कार्यक्रम का प्रमुख होता है जिनका विशेष रूप से सम्मान किया जाता है तथा उनके नेतृत्व में सेवा अर्जी कर प्रकृति शक्ति को धन्यवाद ज्ञापित किया जाता है। कुल की वधुएं एवं महिलाएं गायता-पुजारी-कुल प्रमुखों का चरण धोकर, आरती उतार कर एवं सादा चांवल से टीका लगाकर स्वागत करते है। गायता एवं पेन पुजारी को गांव के लोग अपने घरों में विशेष रूप से आमंत्रित कर अपने घरों में सम्मानित कर सेवा किया एवं अपने पेन पुरखों का सेवा अर्जी करवाये। कार्यक्रम के अंत में सामुहिक भोज हुआ। जिसमें कोरेटी गायता परिवार एवं गांव लोगों ने नवा खाई का रस्म अदायगी किया। युग पुरुष मोड्डी पुजारी के वंशजों द्वारा आयोजित गायता जोहरनी एवं पुनांग तिन्दाना पण्डुम कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंतेरसिंग कोरेटी, ऐनसिंग कोरेटी, भारत सिंग कोरेटी, ईश्वर सिंग कोरेटी, रामलाल कोरेटी, आदि सहित गोटाटोला, देऊरभट्टी, बूचाटोला, वाड़वी एवं पांगरी के पारिवारिक लोग एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जागरूक रहना जरुरी, नहीं तो ठगों के जाल में फंस सकते है

## जिला साइबर सेल टीम ने स्कूली बच्चों को दी जानकारी, कहा ठगों ने सोषल मीडिया को बनाया अपना ठिकाना, सावधान रहने की जरूरत

ठेलकाडीह (दावा)। आधुनिकता की इस युग में हर व्यक्ति के जेब में एनड्राइड मोबाइल है। जो कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराता है। आज मोबाइल न सिर्फ संपर्क तक सीमित है, बल्कि आपका चलता फिरता बैंक अंकाउट है। जरा सी असावधानी या जा-रूकता की कमी से बैंक अंकाउट खाली होने में समय नहीं लगता। साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को देखते हुए विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने का प्रयास किये जा रहे है।

बुधवार को जिला साइबर सेल एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता के तत्वावधान में राजनाद-ंव विकासखंड के बखत रेंगाकठेरा हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं को साइबर संबधी जानकारी दिया गया। इस मौके पर राजनांद-ंव साइबर सेल प्रभारी विनय पम्मार प्रमुख रूप से उपस्थितर रहे। साथ ही जिला प्रभारी वित्तिय साक्षरता तेजस्वी वर्मा, जोगेश राठौर साइबर सेल, संस्था के प्राचार्य आरएस नरवासे, व्याख्याता सेवकराम साहू सहित अन्य षिक्षक व बड़ी संख्या में स्कूली बच्चें उपस्थित रहे। इस दौरान साइबर सेल प्रभारी विनय पम्मार ने छात्र-छात्राओं को बताते हुए कहा कि साइबर ठगों द्वारा लोगों को कई तरह से अपनी चगल में फंसाने प्रयास करते है। अमूमन अक्सर जालसाज फोन के माध्यम से लोगों को लालच या फिर कानूनी कार्यवाही किये जाने बात कहते है। कि आपके विरूद्व फंला धारा के तहत अपराध दर्ज किया जा रहा है। बचना है तो इतने पैसे तुरंत भेजिए। इसके अलावा बैंक अधिकारी बनकर एटीएम बंद होने या फिर किसी योजना का लालच देकर बातों में उलझाकर आर्थिक नुकसान करते है।

### बिना डरे पुलिस के पास करें शिकायत

छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए साइबर प्रभारी ने कहा कि किसी के साथ भी यदि साइबर ठगी हो रहे तो वे तुंरत संबधित थाना क्षेत्र में इसकी षिकायत कर सकते है। ताकि जालसाजों पर पुलिस तत्काल एंक्सन ले सकें। इसके अलावा किसी के साथ जाने अनजाने में धोखाधड़ी होते है तो टोल फ्री नंबर अगर पर शिकायत दर्ज कर सकते है।

### जागरूकता ही बचाव है

वित्तीय साक्षरता से तेजस्वी वर्मा ने साइबर से बचने के लिए वर्तमान समय में सभी को साइबर जानकारी रखना जरूरी है। कि किन किन माध्यमों से ठग लोगों को कैंसे ठग रहे है। इसमें जागरूता ही बचाव है। उन्होने कहा कि समय-समय पर राजनांदगांव पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक करते रहते है। इससे स्कूल बच्चें खुद जानकारी से अवगत होकर अपने घर के सदस्यों सहित आसपास के लोगों को भी इस संबध में बताएं ताकि वे भी ऐसे ठगों से बच सकें।

# मखियार मेहतर समाज ने भवन निर्माण के लिए 50 लाख की मांग की

राजनांदगांव (दावा)। मखियार मेहतर समाज ने अपने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपये की मांग छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से की है। समाज ने उम्मीद जताई है कि शीघ्र ही इस कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिल जाएगी। राजनांदगांव प्रवास के दौरान समाज के अध्यक्ष श्रीमती बबीता विनोद कुलदीप के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने स्पीकर हाउस में डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि बलदेव बाग क्षेत्र में समाज की 371.75 वर्ग मीटर भूमि है। जिसका सीट क्रमांक 34 और भूखंड क्रमांक 29 दर्ज है। इस स्थान पर सामुदायिक भवन निर्माण का प्रस्ताव रखा गया है। जिसके लिए लगभग 50 लाख रुपये की लागत का अनुमान है। समाज की ओर से अध्यक्ष श्रीमती बबीता कुलदीप ने विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह करते हुए कहा कि यह भवन समाज के सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। उन्होंने डॉ. रमन सिंह पर भरोसा जताते हुए आशा व्यक्त की कि इस मांग को शीघ्र ही मंजूरी मिलेगी। इस अवसर पर समाज के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिनमें दुरपति बधेल, बिरबल रनसुरे, कमल कुलदीप, राजू रगड़े, राहुल बघेल और जितेन्द्र कुलदीप प्रमुख रूप से शामिल थे।

# शिक्षक दिवस पर पेमेंद्र कुमार साहू को मिला शिक्षादूत सम्मान



मोहला (दावा)। मोहला विकासखंड के पुतरगोंदी कलागांव के शिक्षक पेमेंद्र कुमार साहू को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षादूत सम्मान से नवाजा गया। मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना के तहत यह सम्मान 5 सितंबर शुक्रवार को आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया।

### सम्मान का कारण

पेमेंद्र कुमार साहू जो शासकीय प्राथमिक शाला, पुतरगोंदी कला में कार्यरत हैं, को यह सम्मान शिक्षा के प्रति उनके समर्पण, बच्चों के सर्वांगीण विकास में उनके योगदान और शैक्षिक ज्ञान के साथ-साथ नैतिक तथा सांस्कृतिक मूल्यों का प्रसार करने के लिए दिया गया है। उनका कार्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि वे छात्रों के व्यक्तिगत और सामाजिक विकास पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं।

### कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि

इस समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, जिला पंचायत सदस्य नरसिंग भंडारी, और पूर्व विधायक संजीव शाह सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। जिन्होंने शिक्षक साहू के प्रयासों की सराहना की।

### बधाई और शुभकामनाएं

पेमेंद्र कुमार साहू को यह सम्मान मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार देवांगन, और मोतीपुर संकुल के सभी शिक्षकों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शहर में निकली नयनाभिराम विसर्जन झांकी देखने उमड़ी लाखों की भीड़

राजनांदगांव (दावा)। अनंत चतुर्दशी की रात शहर में गणेश विसर्जन के लिए निकली एक से बढ़कर आकर्षक एवं नयनाभिराम झांकियों को देखने लाखों की भीड़ उमड़ी। जिससे शहर के किसी भी क्षेत्र में पैर रखने के लिए जगह नहीं था। जिधर देखो उधर ही लोगों की भीड़ नजर आती थी जिसे संभालने पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। शहर सहित आसपास के गांव-देहात क्षेत्रों व पड़ोसी जिलों से लाखों की संख्या में विसर्जन झांकी देखने आए लोगों की भीड़ संस्कारधानी नगरी के शानदार और गौरवशाली गणेशोत्सव परंपरा की गवाह बनी।

## तेज आवाज में बज रही डीजे से लोग रहे परेशान

बता दें कि 6 सितंबर शनिवार को अनंत चतुर्दशी के दिन शहर में सुबह से ही गणेश विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया था। शहर की गणेशोत्सव समितियों द्वारा 12 बजे के बाद बड़े से वाहन में डीजे रखकर उसकी तेज आवाज में नाचते झूमते भक्तों द्वारा गणेश विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस दौरान जहां शहर के मुख्य मार्गों में आवाजाही बाधित रही वहीं डीजे की 50 डेसीबल से तेज और कानफोडू आवाज में डीजे के बजने से लोग परेशान होते रहे। खास कर छोटे बच्चे व बुजुर्गो के लिए यह आवाज असहनीय लगी लेकिन वे कर भी क्या कर सकते थे। पुलिस अधिकारियों ने भारतमाता चौक में डीजे वालों को साउंड कम करने की समझाईस दी।

## मानव मंदिर चौक रहा झांकियों का सेंट्रल पाइंट

बताते चलें कि भगवान श्रीगणेश प्रतिमा के विसर्जन से पहले गणेशोत्सव समितियों द्वारा हवन-पूजन किया गया। उक्त सिलसिला अनंत चतुर्दशी के दिन भी सुबह के समय जारी रहा। इसके बाद बाजे-गाजे के साथ भगवान विघ्नहर्ता को नजदीक के नदी-सरोवरों में विसर्जन किए जाने का सिलसिला जो चला वहअगले दिन रविवार तक जारी रहा। शहर में बड़ी-बड़ी विसर्जन झांकियां शनिवार को शाम के पश्चात निकलनी शुरू हुई। बाजे-गाजे के साथ डिजीटल लाईटिंग की चकाचौंध रौशनियों की बीच अपने-अपने गणेशोत्सव समितियों के बैनर लगाए निकली नयनाभिराम झांकियां शहर भ्रमण से पूर्व सेंट्रल पाइंट मानव मंदिर चौक पहुंची। गणेशोत्सव समितियों के लोगों की भारी लाव-लश्कर के साथ निकली चित्ताकर्षक झांकियां महावीर चौक, गुरुद्वारा चौक व दुर्गा चौक से मानव मंदिर चौक से निकलकर आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाइन, सुरजन गली, रामाधीन मार्ग से तिरंगा चौक होते हुए गंज चौक पहुंची। जब तक सूरज की रौशनी आने लगी थी। इससे लोगों की जबरदस्त भीड़ यहां देखने को मिली। जो रात में भीड़ के कारण झांकी देखने नहीं निकल पाए थे सुबह 4-5 बजे उठकर गंज चौक में एकत्रित झांकियों को देखने चले आए जिससे गंज चौक में मेले जैसा माहौल बना रहा।

## गंज लाइन में बना था भाजपा का भव्य मंच

बता दें कि शहर की गौरवशाली गणेशोत्सव परंपरा में अनंत चतुर्दशी के दिन जगमग करती भव्य गणेश विसर्जन झांकी का स्वागत सम्मान किए जाने की परंपरा भी बनी हुई है। इस परंपरा का निर्वहन करते हुए बड़े-बड़े संगठन समितियों व राजनीतिक दलों के द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों में भव्य स्वागत मंच बनाए गए थे। गंज लाइन में भाजपा का भव्य मंच लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इसी तरह रामाधीन मार्ग में माहेश्वरी भवन के पास नगर निगम, भारती प्रेस में कैट व चेंबर ऑफ कॉमर्स व रामाधीन मार्ग कांग्रेस वाले तथा लायंस क्लब वालों सहित अन्य संस्था संगठन वालों का स्वागत मंच बनाया गया था। इसी तरह बागेश्वर धाम समिति तथा अन्य संस्था संगठनों द्वारा अपने-अपने स्वागत पंडाल लगाए गए थे। जहां जगमग करती विसर्जन झांकियां पहुंचने पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इन विसर्जन झांकियों में आपरेशन सिंदूर, गजेंद्र मोक्ष, घटोत्कच, कुंभकर्ण, दशानन रावण, इंद्रलोक आदि सहित अन्य झांकियां आकर्षक का केंद्र बनी रही। लोग रात भर इन नयनाभिराम झांकियों को घूम-घूम कर देखते रहे। इस भव्य आयोजन में व्यवस्था बनाने के लिए देर शाम से लेकर रात भर पुलिस जुटी रही। अनंत चतुर्दशी के दिन हमारी संस्कारधानी नगरी रात भर जागती रही। पूरा शहर एक से बढ़ कर एक नयनाभिराम विसर्जन झांकियां व लाखों की संख्या में इसे देखने उमड़ी भीड़ की रात आंखें में ही कटी।

छाया : अंकित-विक्की बालाजी, राजनांदगांव

























## सनग्रुप ने पुलिस विभाग को सौंपे ब्रीथ एनालाइज़र, सड़क सुरक्षा को मिलेगा नया बल



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की प्रेरणा से सड़क सुरक्षा और जनहित को ध्यान में रखते हुए सन ग्रुप ने पुलिस विभाग राजनांदगांव को अत्याधुनिक ब्रीथ एनालाइज़र (श्वांस विश्लेशक उपकरण) प्रदान किए। इन उपकरणों के वितरण का उद्देश शराब पीकर वाहन चलाने की घटनाओं को कम करना और यातायात नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता करना हैं। सनग्रुप द्वारा प्रदान किए गए यह ब्रीथ एनालाइज़र नवीनतम तकनीक से लैस है, जो त्वरित और विश्वसनीय परिणाम देने में सक्षम हैं। ये उपकरण विशेष रूप से सड़क पर तैनात पुलिस बलों के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे।

सनग्रुप के चेयरमेन सुनील अग्रवाल ने कहा- 'हम समाज की सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पुलिस विभाग को ये उपकरण प्रदान कर हम उनकी जिम्मेदारियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना चाहते हैं।' सनग्रुप द्वारा किया गया यह सहयोग एक सकारात्मक पहल है, सन ग्रुप के चेयरमेन सुनील अग्रवाल एवं डायरेक्टर अमित जैन द्वारा यह ब्रीथ एनालाइज़र डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को प्रदान किया गया। इस अवसर पर ए.एस.पी. राहुल शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## नांदगांव में विसर्जन झांकी का भव्य शुभारंभ, महापौर और पूर्व सांसद हुए शामिल

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव में दशहरा और दुर्गोत्सव के बाद माता दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए निकाली गई झांकी का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने विशेष रूप से उपस्थित होकर पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी विसर्जन झांकी की शुरुआत से पूर्व पूजा का आयोजन किया गया था। महापौर मधुसूदन यादव और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और आरती कर इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत की।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com